दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732




वर्ष: 01 | अंक : 167 | जयपुर | 28 जनवरी 2023 | शनिवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ : 04

## पीएम मोदी के स्वागत को मालासेरी तैयार




जयपुर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भगवान देवनारायण के 1111वें जन्मोत्सव में शामिल होने आसीन्द क्षेत्र के मालासेरी डूंगरी आएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को एक दिन शेष रह जाने से डूंगरी और आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पीएम मोदी डेढ़ घंटे मालासेरी रूकेंगे। इस दौरान वह भगवान देवनारायण के दर्शन व सभा को सम्बोधित करेंगे। आठ मिनट पूणार्हुति में भी शामिल होंगे। शनिवार सुबह आठ बजे बाद मालासेरी में मंदिर और आसपास लोगों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एसपीजी से जारी पास धारकों को ही विशेष जांच के बाद एंट्री मिलेगी। इससे पूर्व गुरुवार को सेना ने डूंगरी परिसर में पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान वहां बनाए हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर उतारा गया। सेना ने वहां रही खामियां दूर करने के दिशा-निर्देश दिए। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने भी मालासेरी में सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया। हर इंतजाम का बारीकी से परीक्षण किया गया। शनिवार सुबह आठ बजे बाद मालासेरी में मंदिर और आसपास लोगों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। एसपीजी से जारी पास धारकों को ही विशेष जांच के बाद एंट्री मिलेगी। अजमेर के संभागीय आयुक्त भंवरलाल मेहरा, रेंज पुलिस महानिरीक्षक रूपेन्द्र सिंघ, जिला कलक्टर आशीष मोदी और पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू ने मालासेरी में डेरा डाल रखा है। अधिकारियों के साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ गुरुवार शाम को बैठक में तैयारियों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए तीन हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा बंदोबस्त में रहेंगे। इसके अलावा तीन सौ सीआईडी के जवान भी चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखेंगे। हेलीपेड, मंदिर परिसर और यज्ञशाला के आसपास बल्लियों से बैरिकेड्स बनाए गए है। प्रधानमंत्री करीब डेढ़ घंटे मालासेरी रहेंगे। इस दौरान पूणार्हुति में शामिल होंगे। एसपीजी ने यज्ञ करा रहे पंडित को प्रधानमंत्री के आठ मिनट यज्ञ में बैठेने का समय दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, मोदी 28 जनवरी की सुबह 9.20 बजे दिल्ली से रवाना होंगे। 10.30 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से 10.35 बजे हेलीकॉप्टर से मालासेरी रवाना होंगे। 11.25 बजे मालासेरी पहुंचेंगे। 11.30 बजे से 12.55 तक मालासेरी रहेंगे। करीब डेढ़ घंटे में भगवान देवनारायण के दर्शन व सभा को सम्बोधित करेंगे। वापस उदयपुर होते दिल्ली चले जाएंगे। प्रधानमंत्री की सभा में दो से ढाई लाख लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है। ऐसे में पार्किंग के साथ सभा में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने जिन रास्तों को आवागमन के लिए सुलभ माना है उनमें आसींद से मालासेरी, कांवलास से मालासेरी, भीलवाड़ा से जेतपुरा होकर मालासेरी, शम्भूगढ़-हताणा, शम्भूगढ़-बरसनी, रायला-ईरास-मालासेरी तथा रूपाहेली से बेरा होकर मालासेरी पहुंच सकेंगे।

## देवनारायण जयंती पर अवकाश घोषित

जयपुर. राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवनारायण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजस्थान के आसींद में आ रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी के दौरे से पहले ही गुर्जर वोटों को साधने के लिए कांग्रेस सरकार ने देवनारायण जयंती पर अवकाश घोषित कर दिया है। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष और विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने कहा कि देवनारायण जयंती के मौके पर सरकार ने अवकाश की घोषणा कर ऐतिहासिक फैसला लिया है। जिसका राजस्थान के गुर्जरों को लंबे




वक्त से इंतजार था। उन्होंने कहा कि सिर्फ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही है। जो एमबीसी और गुर्जर समुदाय की हर मांग को पूरा करने के लिए हमेशा सकारात्मक रहते हैं। गहलोत के कार्यकाल में कभी भी राजस्थान में गुर्जरों पर बल प्रयोग नहीं किया गया। जबकि राजस्थान में बीजेपी सरकार के वक्त 73 गुर्जरों की हत्या हो चुकी है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे से गुर्जर समुदाय और एमबीसी वर्ग पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी नहीं राजस्थान के गुर्जरों के लिए कभी कोई काम नहीं किया। सिर्फ उनपर लाठियां और गोलियां बरसाई है। जिन्हें गुर्जर समुदाय कभी नहीं भुला सकता है। राजस्थान में 7% गुर्जर वोटर हैं। जिनका प्रदेश के 14 जिलों की विधानसभा सीटों पर सीधा दखल है। इसलिए विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही राजनीतिक दल गुर्जर वोट बैंक को साधने के लिए देवनारायण जयंती को भुनाने में जुटे हैं।

# परिवार के दबाव से दबाव में ना आएं स्टूडेंट्स :नरेंद्र मोदी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में स्टूडेंट्स से परीक्षा पर चर्चा में परीक्षा और जीवन में तनाव पर बच्चों के सवालों के जबाव दिए

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में स्टूडेंट्स से 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में बातचीत की। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में मोदी ने परीक्षा और जीवन में तनाव पर बच्चों के सवालों के जबाव दिए। एग्जाम में परिवार की निराशा से कैसे निपटूं पर छात्रों को टिप्स दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर में मां के मैंनेजमेंट, क्रिकेट की गुगली, पतंग का मांझा, पार्लियामेंट में सांसदों की नोकझोक जैसे उदाहरण देकर बच्चों को समझाया। जब एक छात्र ने एग्जाम में दबाव पर सवाल किया तो उन्होंने कहा परिवार के दबाव से दबाव में ना आएं। कभी क्रिकेट देखने गए होंगे, तो कुछ बैट्समैन आते हैं तो पूरा स्टेडियम चिल्लाना शुरू करता है- चौका-चौका, छक्का-छक्का। क्या वो ऑडियंस की डिमांड के ऊपर चौके-छक्के लगाता है? चिल्लाते रहें, बैट्समैन का ध्यान बॉल पर ही होता है। बॉलर के माइंड को स्टडी करने की कोशिश करता है। जैसी बॉल है वैसा ही खेलता है। फोकस रहता है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का यह छठा संस्करण है। इस प्रोग्राम के लिए 20 लाख से अधिक प्रश्न प्राप्त हुए। आप अच्छा करेंगे तो भी हर कोई आपसे नई अपेक्षा करेगा। हम तो राजनीति में हैं। कितने ही चुनाव क्यों न जीत लें, ऐसा दबाव पैदा किया जाता है कि हमें हारना ही नहीं है। 200 लाए हैं तो ढाई सौ क्यों नहीं लाए, ढाई सौ लाए तो तीन सौ क्यों नहीं लाए। चारों तरफ से दबाव बनता है। हमें इन दबावों से दबना चाहिए क्या? आपको जो कहा जाता है, उसी में आप अपना समय बर्बाद कर देंगे गया अपने भीतर अपनी क्षमता, इरादे और सपने देखेंगे। कभी क्रिकेट देखने गए होंगे, तो कुछ बैट्समैन आते हैं और पूरा स्टेडियम चिल्लाना शुरू करता है चौका-चौका, छक्का-छक्का, क्या वो ऑडियंस की डिमांड के ऊपर चौके-छक्के लगाता है? चिल्लाते रहें, बैट्समैन का ध्यान बॉल पर ही होता है। बॉलर के माइंड को स्टडी करने की कोशिश करता है। जैसी बॉल है वैसा ही खेलता है। फोकस रहता है। आप भी फोकस रहोगे तो दबाव को आप झेल लेंगे। संकट से बाहर आ जाएंगे। दबावों के दबाव में ना रहें, दबाव को एनालिसिस करिए। स्वयं को अंडरएस्टीमेट तो नहीं कर रहे



हैं, ये सोचिए। बच्चों को अपनी क्षमता से खुद को कम नहीं आंकना चाहिए। पक्का विश्वास है कि ऐसी समस्याओं को आराम से सुलझा लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सिर्फ परीक्षा नहीं, जीवन में भी टाइम मैनेजमेंट के लिए जागरूक रहना चाहिए। काम में देर इसलिए होती है, क्योंकि वक्त पर वो किया नहीं जाता। काम करने की कभी थकान नहीं होती। उससे संतोष होता है। काम ना करने से थकान लगती है। सामने दिखता है कि इतना सारा काम है। आप कभी कागज पर पेन-पेंसिल लेकर डायरी पर लिखिए। हफ्ते भर नोट कीजिए कि आप अपना समय कहां बिताते हैं। पढ़ाई करते हैं तो कितना समय किस विषय को देते हैं। शॉर्टकट ढूंढते हैं, कि बेसिक में जाते हैं। आपको पता चलेगा कि पसंद की चीजों में सबसे ज्यादा समय लगाते हैं। उसी में खोए रहते हैं। जरूरी विषय बोझ लगते हैं। आप सिर्फ पढ़ना है, पढ़ने में भी जब फ्रेश माइंड है, तब सबसे कम पसंद और कठिन विषयों को देखिए। फिर पसंद वाला, फिर थोड़ा कम पसंद वाला विषय। ऐसे आपको रिलैक्सेशन मिलेगा और तैयारी भी होगी।

हमारे विद्यार्थियों को भी यह लग रहा है कि परीक्षा में जो गलत होता है, उसका रास्ता खोजना चाहिए। मेहनती विद्यार्थियों को इसकी चिंता रहती है कि मैं इतनी मेहनत करता हूं और ये चोरी करके नकल करके गाड़ी चला लेता है। पहले भी चोरी करते होंगे लोग, लेकिन छिपकर। अब गर्व से करते हैं कि सुपरवाइजर को बुद्धू बना दिया। ये जो मूल्यों में बदलाव आया है, वो बहुत खतरनाक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कम्?युनिकेशन एक बहुत बड़ी शक्ति है। पड़ोस के किसी राज्?य की भाषा भी सीखनी चाहिए। यदि हम अपने सामथ्?र्य पर ध्?यान देते हैं, तो तनाव नहीं होता। सबसे पहले तो ये निर्णय करना है कि आप स्मार्ट हैं या फिर गैजेट्स स्मार्ट है। कभी-कभी लगता है कि आप अपने से ज्यादा गैजेट्स को स्मार्ट मानते हैं। यकीन करिए परमात्मा ने अपने बहुत सी शक्तियां दी हैं। गैजेट्स को केवल आगे बढ़ने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। संसद में विपक्ष के लोग साइकोलॉजी जानते हैं, इसलिए जानबूझकर ऐसी बात छेड़ देते हैं कि हम अपना विषय छोड़कर उसका जवाब देने में लग जाते हैं। हमें बस अपने लक्?य पर फोकस रखना चाहिए। आलोचना बहुत मुश्किल काम है। ऐसे में लोग शॉर्टकट अपनाते हैं और आरोप लगाते हैं। दोनों में बहुत फर्क है। हम आरोपों पर ध्?यान न दें, मगर आलोचना को अपने लिए जरूरी समझें। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि स्?टूडेंट जब कोई सवाल पूछता है तो वह आपकी परीक्षा नहीं लेना चाहता, यह उसकी जिज्ञासा है। किसी भी जिज्ञासु बच्?चे को टोकें नहीं। अगर जवाब नहीं भी आता है तो उसे प्रोत्?साहित करें कि तुम्?हारा प्रश्?न बहुत अच्?छा है। इसका जवाब मैं तुम्?हें कल दूंगा और इस दौरान मैं खुद इसका जवाब ढूंढूंगा।

# एक रिपोर्ट से अडाणी को 1.32 लाख करोड़ का नुकसान

### हिंडनबर्ग के फाउंडर नाथन एंडरसन की रिपोर्ट से गौतम अडानी को हुआ 2.83 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली. भारत और एशिया के सबसे अमीर गौतम अडानी की कंपनियों के शेयर काफी तेजी से गिर रहे हैं। बीते तीन दिन में गौतम अडानी की शेयर मार्केट में लिस्टेट 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.83 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। शेयर गिरने के कारण अडानी के नेटवर्थ में भी कमी आई है। इस कारण दुनिया के 10 सबसे अमीर लोगों की सूची में चौथे स्थान पर रहे अडानी सातवें नंबर पर खिसक चुके हैं। अडानी को यह नुकसान एक रिपोर्ट सामने आने के बाद हुई है। यह रिपोर्ट अमरीका की एक रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने तैयार की है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अडानी ग्रुप की सभी 7 प्रमुख लिस्टेड कंपनियों पर काफी ज्यादा कर्ज है। ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयर 85% से ज्यादा ओवरवैल्यूड भी हैं। अडानी ग्रुप ने शेयरों में हेरफेर की। अकाउंटिंग में धोखाधड़ी की गई है। इस रिपोर्ट को तैयार करने वाली संस्था हिंडनबर्ग के फाउंटर नाथन एंडरसन का दावा है कि दो साल की मेहनत के बाद यह रिपोर्ट बनाई गई है। नाथन एंडरसन की रिपोर्ट सामने आने




के बाद से अडानी पोर्ट्स के शेयर्स में शुक्रवार को 24% और अडानी ट्रांसमिशन के शेयर्स में 20% से ज्यादा की गिरावट आई। इससे निवेशकों के 2.75 लाख करोड़ डूबे। अडानी का नेटवर्थ 10 प्रतिशत कम हो गया है। इस रिपोर्ट को अडानी ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर जुगशिंदर सिंह ने बकवास बताया है। उन्होंने हिंडनबर्ग पर लीगल एक्शन लेने की बात कही। दूसरी ओर लीगल एक्शन की बात पर भी हिंडनबर्ग अपनी रिपोर्ट को लेकर अडिग है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने और अडानी के शेयर आई गिरावट के बाद गौतम अडानी का नेटवर्थ बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। फोर्ब्स की अमीरों की लिस्ट में अडानी ग्रुप के मालिक गौतम अडानी चौथे नंबर से खिसकर 7वें पर आ गए हैं। 25 जनवरी को उनकी नेटवर्थ 9.20 लाख करोड़ थी, जो शुक्रवार को 7.76 लाख करोड़ रुपए पर आ गई। फोरेंसिक फाइनेशियल रिसर्च फर्म हिंडेनबर्ग ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि अडानी ग्रुप की सभी 7 प्रमुख लिस्टेड कंपनियों पर काफी ज्यादा कर्ज है। ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयर 85% से ज्यादा ओवरवैल्यूड भी हैं। अडानी ग्रुप ने शेयरों में हेरफेर की। अकाउंटिंग में धोखाधड़ी की गई है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अडानी ग्रुप कई दशकों से मार्केट मैनिपुलेशन, अकाउंटिंग फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग कर रहा है।

### कांग्रेस ने उठाई अडानी ग्रुप पर लगे आरोपों की जांच की मांग

अब इस मुद्दे पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने हिंडनबर्ग के द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की है। उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा है कि आम तौर पर एक राजनीतिक पार्टी को किसी कंपनी या बिजनेस ग्रुप के बारे में आई किसी अध्ययन रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए। लेकिन अदानी ग्रुप के बारे में हिंडनबर्ग रिसर्च के फॉरेंसिक रिसर्च पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया की मांग की गई है। ऐसा क्योंकि क्योंकि अडानी ग्रुप कोई साधारण ग्रुप नहीं है। इसकी पहचान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तब से है जब वे मुख्यमंत्री थे। जयराम ने कहा कि ग्रुप पर भारतीय जीवन बीमा कंपनी और भारतीय स्टेट बैंक जैसे फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट और करोड़ों भारतीयों का बचत का पैसा जुड़ा हुआ है। इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा गहन जांच की जरूरत है। राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों ने अडानी ग्रुप को निजी बैंकों की तुलना में दोगुना लोन दिया है, जिसमें उन्हें 40% लोन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दिया जा रहा है। इस गैरजिम्मेदारी ने करोड़ों भारतीयों को जोखिम में डाल दिया है।

### सोशल मीडिया हो या टीवी, चैनल्स हर तरफ बस पठान...पठान की गूंज

# दूसरे दिन ही 200 करोड़ के पार हुई पठान

मुंबई. शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' रिलीज होने के बाद से ही दुनियाभर में अपने नाम का डंका बजा रही है। सोशल मीडिया हो या टीवी, चैनल्स हर तरफ बस पठान...पठान की गूंज सुनाई दे रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खबर है कि पहले दिन से अपना जलवा कायम रखते हुए फिल्म ने 205 से 215 करोड़ के बीच का बिजनेस कर लिया है और महज दो दिनों के अंदर 200 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली ये पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है। साथ ही सभी भाषाओं में फिल्म ने देशभर में 126 से 130 करोड़ के बीच का बिजनेस किया है। इस बीच पिता की सक्सेस को देखकर लाडली बेटी सुहाना खान भी इोशनल हो गई हैं। जाहिर है कि पठान के जरिए शाहरुख खान ने चार साल बाद बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी की है। फिल्म ने 25 जनवरी को ही सबसे बड़ी ओपनिंग बनकर इतिहास रच दिया था। साथ ही साउथ की फिल्म 'केजीएफ 2' और 'वॉर' का रिकॉर्ड ब्रेक कर दिया था। दुनियाभर में 100 से ज्यादा कमाने वाली इस फिल्म को 26 जनवरी का भी बड़ा फायदा मिला। अभी तक जैसा देखा जा रहा है कहना गलत नहीं होगा कि पठान का तूफान रुकने वाला नहीं। इस बीच विदेशों में भी पठान को लेकर जबरदस्त क्रेज है। ज्यादातर शोज हाउस फुल जा रहे हैं। दुनियाभर में शाहरुख खान के फैंस ने दिखा दिया कि वो ही बॉलीवुड के असली किंग हैं। इस बीच पिता की सक्सेस देखकर सुहाना खान भी इमोशनल हो गई हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर पूजा ददलानी के




इस्टाग्राम पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कैप्शन में आंखों में आंसू वाली इमोजी बनाई है। सुहाना ने हिंट दिया कि वह पिता शाहरुख की इस सफलता से बहुत इमोशनल हो गई हैं। शाहरुख खान की पठान को दुनियाभर में 8000 स्क्रीन पर रिलीज किया गया। जिसमें से 5500 स्क्रीन सिर्फ देश में शामिल हैं। बता दें कि इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में शाहरुख के अलावा जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण, आशुतोष राणा और डिंपल कपाड़िया जैसे सितारों ने काम किया है। दिलचस्प बात ये है कि 'पठान' में सलमान खान ने कैमियो किया है। इस फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद हैं, जो 'वॉर' और 'बैंग बैंग' जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके हैं।

## बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को लेकर दिल्ली यूनिवर्सिटी में हंगामा

नई दिल्ली. गुजरात दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री ह्यइंडिया: द मोदी क्वेश्चनह्ण की स्क्रीनिंग को लेकर दिल्ली के विश्वविद्यालयों में मचा हंगामा थमता नजर नहीं आ रहा है। जेएनयू और जामिया के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी में भी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर जमकर हंगामा हुआ। शुक्रवार शाम दिल्ली



यूनिवर्सिटी की आट्र्स फैकल्टी में कुछ छात्रों द्वारा बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर माहौल गरमा गया। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर यहां छात्रों और पुलिस में ठन गई। छात्रों का कहना था कि वे यह डॉक्यूमेंट्री देखना चाहते हैं, जबकि पुलिस उन्हें देखने नहीं दे रही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि इस डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, लिहाजा इसकी स्क्रीनिंग की इजाजत नहीं दी जा सकती। हंगामे के बीच दिल्ली पुलिस ने भीम आर्मी के छात्रसंघ के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया। इधर माहौल खराब होता देख दिल्ली यूनिवर्सिटी की आट्र्स फैकल्टी के पास धारा 144 लागू कर दी गई। हंगामे के बाद कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र संगठनों ने बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का ऐलान किया था। छात्रों का कहना है कि शुक्रवार शाम 4 बजे आट्र्स डिपार्टमेंट के गेट नंबर 4 पर डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जानी है। जिसे रोकने पर पुलिस और छात्रों में ठन गई। जिसके बाद 20-25 छात्रों को हिरासत में लिया गया।

दिल्ली यूनिवर्सिटी में हंगामे पर नॉर्थ दिल्ली के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में हालात सामान्य हैं। शाम 4 बजे कुछ लोग इइउ डॉक्यूमेंट्री चलाने आए थे उन्हें रोका गया, लेकिन जब वो नहीं माने तो उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से हिरासत में ले लिया। इस समय दिल्ली विश्वविद्यालय में हालात सामान्य है। इधर छात्रों को हिरासत में लेने का विरोध करते हुए कुछ छात्रों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

## सम्पादकीय

### मुलायम को पद्म विभूषण दिये जाने की घोषणा ने यूपी की राजनीति में बड़ा उलटफेर कर दिया

समाजवादी पार्टी का कोई भी नेता चाहते हुए भी मुलायम को पद्म विभूषण से नवाजे जाने का विरोध नहीं कर सकता है। केंद्र सरकार की तरफ से की गई यह घोषणा उत्तर प्रदेश में भाजपा की पिछड़ों की लामबंदी और उनको और करीब लाने के मुहिम में मददगार साबित होगी।क्या लोकतंत्र की यही खूबी है कि भारतीय जनता पार्टी की उस केंद्र सरकार द्वारा पूर्व सपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जैसे नेता का नाम पद्म विभूषण के लिए चुना गया जिनकी विचारधारा भाजपा की सोच से एकदम विपरीत थी? कौन भूल सकता है 1990 के उस दौर को जब भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर बनाने का संकल्प लेकर पूरे देश में यात्राए कर रही थी, तब तत्कालीन मुलायम सरकार ताल ठोंक रही थी कि बाबरी मस्जिद को बचाएगी। अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। ऐसा हुआ भी। 1990 में जब कुछ राम भक्त कारसेवक 'सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे' का नारा लगाते हुए अयोध्या पहुंचे तो तत्कालीन सरकार के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने विवादित ढांचे को बचाने के लिए उग्र हो रहे कारसेवकों पर गोली चलाने से भी परहेज नहीं किया था। जिसमें सरकारी आंकड़ों के अनुसार 16 कार सेवकों मौत हो गई थी लेकिन गैर सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह संख्या काफी अधिक थी।इतना ही नहीं, बाद में भी वह निःसंकोच कहते रहे कि बाबरी मस्जिद को बचाने के लिए उन्हें और गोली चलाने से भी परहेज नहीं होता। भले ही 16 की जगह 16 सौ कारसेवक मर जाते। मुलायम सिंह यादव ने अपने पूरे जीवन में कभी इस बात का पछतावा नहीं किया कि उनके आदेश के चलते दर्जनों राम भक्त मारे गए थे। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी हमेशा मुलायम सिंह यादव पर आक्रामक रहती थी। कारसेवकों पर गोली चलाने के कारण मुलायम सिंह हमेशा बीजेपी के कट्टर राजनैतिक दुश्मन बने रहे। लेकिन इसका मुलायम सिंह यादव के व्यक्तिगत जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, उनके सभी पार्टियों के नेताओं से अच्छे संबंध थे। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर नरेंद्र मोदी तक से वह अपने दिल की बात खुलकर कहते थे। इतने अच्छे संबंध तो उनके कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी तक से नहीं रहे थे। सब जानते थे कि मुलायम सिंह की तुष्टिकरण की राजनीति के चलते हिंदुओं का एक बड़ा वर्ग उनसे हमेशा नाराज रहता था और उनके खिलाफ वोटिंग करता था। मुलायम सिंह को मुल्ला मुलायम कहकर पुकारा जाता था लेकिन इस सब बातों से बेफिक्र मुलायम हमेशा मुसलमानों के प्रिय बने रहे। यहां तक की कई मुस्लिम नेताओं पर उनकी बिरादरी के लोग इतना भरोसा नहीं करते थे जितना मुलायम सिंह पर उनको भरोसा था। ऐसे नेता को जब मोदी सरकार में पद्म विभूषण से नवाजा जाता है तो सवाल तो उठेंगे ही।बहरहाल, इसके विपरीत कुछ बुद्धिजीवियों का अपना तर्क है। वे कहते हैं पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे राष्ट्रीय सम्मान को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए, लेकिन इस घोषणा के दूरगामी परिणाम से इंकार भी नहीं किया जा सकता।

## मुख्यमंत्री गहलोत ने ओटीटी न्यूज ग्रुप द चौक के लोगो का किया अनावरण

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर ओटीटी आधारित ह्यद




चौकह्व मीडिया समूह के लोगो का अनावरण किया। गहलोत ने कहा कि पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। देश-दुनिया में ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल नवाचारों से कई अहम बदलाव हो रहे हैं। पत्रकारिता में गंभीरता और जिम्मेदारी का भाव होना आवश्यक है, मगर वर्तमान दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता का दौर खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुरूप भाव बनाए रखना आवश्यक है, ताकि लोकतंत्र सुरक्षित रहे। इस अवसर पर चौक मीडिया समूह से जुड़े पत्रकार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मरीजों की राहत के लिए मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पतालों को किया और सशक्त

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निरोगी राजस्थान के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने आकस्मिक स्थितियों में बजट स्वीकृति में देरी होने की स्थिति में भी मेडिकल कॉलेजों एवं सम्बद्ध अस्पतालों में नियमित साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं सम्बद्ध अस्पतालों के अधीक्षक साफ-सफाई सहित मरम्मत एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्य आरएमआरएस से स्वंय के स्तर पर करवा सकेंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया कि मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय भवनों के शौचालयों की साफ-सफाई एवं मरम्मत आदि कार्य कई बार आकस्मिक स्थितियों में वित्तीय संसाधनों की अनुपलब्धता या वित्तीय स्वीकृति में देरी के कारण अतिशीघ्र व समय पर पूरे नहीं हो पाते हैं। इस कारण रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं संक्रमण का अंदेशा बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा मंत्री के निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध अस्पतालों में छोटे-मोटे उपकरण खरीद (प्रति 5 लाख की सीमा), शौचालयों एवं अन्य भवनों की साफ-सफाई, बैडशीट एवं मैट्रेस की व्यवस्था के लिए संबंधित प्राचार्य एवं अधीक्षक स्वयं की स्तर पर आरएमआरएस की कुल वार्षिक आय के 5 प्रतिशत तक (अधिकतम 50 लाख रुपये) की वित्तीय सीमा में कार्य एक वर्ष में करवा सकेंगे जिसकी कार्योत्तर स्वीकृति आरएमआरएस की आगामी बैठक में ली जाएगी।

## राज्यपाल मिश्र मेहंदीपुर बालाजी में श्रीराधाकृष्ण जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को दौसा जिले में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर और



सीताराम मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत नरेशपुरी जी महाराज के साथ पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। राज्यपाल मिश्र श्रीराधाकृष्ण जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने राधा-कृष्ण जी के विग्रह की वैदिक रीति से विधिवत पूजा-अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में भाग लिया। बाद में उन्होंने आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज द्वारा सुनाई जा रही भागवत कथा का भी श्रवण किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ, नंबर लॉन्च कर लोगों से जुड़ने का किया अनुरोध

**राजस्थान से बहुत सारे साथी आम आदमी पार्टी से जुड़ना चाहते हैं, जुड़ने के लिए 8080809064 पर मिसकॉल करें- डॉ. संदीप पाठक**

मरूधर विशेष/महावीर सिंह




आप राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक और राजस्थान चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा नेराजस्थान में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी से जुड़ने के लिए राजस्थान वासी 8080809064 पर मिसकॉल कर सकते हैं। इन सभी साथियों की मदद से आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती से राजस्थान चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हम सकारात्मक बनाम नकारात्मक चुनाव लड़ेंगे। इस जरिए हम देश के कोने-कोने में सकारात्मक राजनीति लेकर आएंगे। वहीं विनय मिश्रा ने कहा कि राजस्थान की जनता को आम आदमी पार्टी एक नए और बेहतर विकल्प के रूप में मिली है।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को जयपुर स्थित पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम राजस्थान में पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। राजस्थान को आम आदमी पार्टी एक नए और बेहतर विकल्प के रूप में मिल रही है। आप के आने से राजस्थान के लोगों में एक नई उम्मीद नजर आई है। खुशी की बात यह है कि राजस्थान के कई साथी आम आदमी पार्टी से जुड़ना चाहते हैं। बहुत लोग ऐसे हैं जिनको यह नहीं पता है कि पार्टी की सदस्यता के लिए क्या करना है। उन लोगों के लिए हमने एक आसान तरीका निकाला है। आम आदमी पार्टी राजस्थान में आज सदस्यता अभियान का शुभारंभ कर रही है। हम एक नंबर लॉन्च कर रहे हैं जिसके जरिए लोग हमारे संगठन से आसानी से जुड़ सकेंगे। यह नंबर 8080809064 है। आम आदमी पार्टी से जुड़ने के लिए इस नंबर पर मिसकॉल करें। हम चाहते हैं कि राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा साथी 'आप' से जुड़ें जिससे हम राजस्थान में जमीनी स्तर पर विकास कार्य कर सकें। यह केवल तभी मुमकिन है जब राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों से लोग आम आदमी पार्टी से जुड़ेंगे। संगठन जितना बड़ा होगा, राजस्थान वासियों की हर छोटी बड़ी समस्या को समझने में उतनी आसानी होगी। हम राजस्थान में सकारात्मक बनाम नकारात्मक चुनाव लड़ेंगे। इस जरिए हम देश के कोने-कोने में सकारात्मक राजनीति लेकर आएंगे। आप विधायक एवं राजस्थान चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य राजस्थान में अपने संगठन को मजबूत बनाना है। संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी भी उतनी मजबूत बनेगी। संगठन को कैसे मजबूत बनाना है और जमीनी स्तर पर कैसे काम करना है, इसके लिए हम सभी साथियों से सुझाव लेंगे। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि राजस्थान वासी होने के नाते यह लड़ाई आप लोगों को लड़ना है। राजस्थान की जनता को आम आदमी पार्टी एक नए और बेहतर विकल्प के रूप में मिली है। जिससे राजस्थान के लोग काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं।

## माउंट आबू शिवसेना द्वारा 26 जनवरी के अवसर पर भारत माता नमन स्थल पर लहराया तिरंगा वह अधजन विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

मरूधर विशेष



गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई वर्षो की परंपरा के अनुसार शिवसानिको द्वारा भारत माता नमन स्थल नक्की झील पर माउंट आबू का अल सुबह का पहला धावजारोहण शिवसेना द्वारा किया गया वह सभी शिवसानिको ने एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी नक्की झील पर भ्रमण कर रहे पर्यटकों ने भी शिवसेना के साथ धवजारोहण में समल्लित हुए और शुभकामनाएं दी वही शिवसेना ने हर वर्ष की भांति अंधजन विद्यालय में ध्वजारोहण में भाग लिया व दृष्टिहीन बच्चो को मिठाई खिला के गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी।वही शिवसेना उपप्रमुख प्रशांत सिंह ने बताया के भारत माता नमन स्थल जो की कई वर्षो से रंगाई पुताई के अभाव में भारत माता की प्रतिमा का बुरा हाल है यह एक पर्यटक स्थल भी है राजस्थान में एक मात्र यहीं एक विशाल भारत माता की प्रतिमा है. फिर भी नगरपालिका प्रशासन अधिकारीओ की आंखे बंद है कोई ध्यान देने वाला नहीं है वही आपत्ति जताते हुए कहा के राष्ट्रीय पर्व होने के बावजूद भारत माता नमन स्थल को सजावट से वंचित रखा जा रहा है और दूसरे स्थान पर फिजूल खर्चा किया जा रहा है,, यह भारत माता का अपमान है राष्ट्र पर्व के दिन।। कार्यक्रम में नगर प्रमुख विरंद्र सिंह चौहान ,उपप्रमुख प्रशांत सिंह, जिला सहसचिव दीपक ,जिला सहसंगठन मंत्री प्रताप सिंह, सचिव हेम बहादुर खत्री,पूर्व नगर प्रमुख प्रह्लाद, जयशवाल, र३ प्रमुख रमेश आलिका,जितंद्र बनोधा ,चंचल सिंह, प्रेम कलमा,बाबू भाटी,राहुल पंडित,लक्ष्मण माली,संजय वाघा, चिराग धन्नानी, धुर्व कनोजिया, हनी,समस्त शिवसानिक मौजूद रहे

## तुराना में नकली दूध बनाने वाले केमिकल के 10 ड्रम बरामद

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा



बानसूर - उपखंड के गांव तुराना में नकली दूध बनाने में काम लिए जा रहे सोर्बिटोल की बड़ी खेंप पकड़ी। इतनी दूर सरस व खाद्य निरीक्षक की टीम सुबह 6 बजे पहुंच गई। साहबी नदी में सरसों के खेत में टीम ने घास-फूस के नीचे 10 बड़े ड्रम सोर्बिटोल के पकड़े।जिनको मौके पर नष्ट करा दिया गया। टीम अलवर से तड़के साढ़े 4 बजे निकली। मौके पर थोड़ा जल्दी पहुंचने के कारण दूध बनाने का काम शुरू नहीं मिला। हालांकि वहीं 100 मीटर दूरी पर एक मकान में दूध के करीब 50 ड्रम खाली मिले।जिससे साबित हो रहा है कि यहां रोजाना करीब डेढ़ से 2 हजार लीटर नकली दूध बनता है। 5 दिन पहले इसी टीम ने बहरोड़ में बड़ा छापा मारा था।

### करीब 9 लाख रुपए कीमत

सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर ने बताया कि 10 ड्रम में करीब 9 लाख रुपए की कीमत का सोर्बिटोल मिला है। जिसे तुरंत नष्ट करा दिया गया। पूरा अनुमान है कि इसे दूध बनाने में काम लेते हैं। पास में ही एक निजी डेयरी का संग्रहण केंद्र मिला है। जिस पर 50 खाली दूध के ड्रम मिले हैं।छापा पड़ने के कारण यहां एक ड्रम भी दूध नहीं आया। वैसे खाली 50 ड्रम मिले हैं। मौके पर किसी ने भी ड्रम खुद के होना नहीं बताया। जानकारों ने बताया कि हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर की तरफ सोर्बिटोल को काम लेकर नकली दूध बनता पकड़ा जाता रहा है।उसी तरह यहां भी सोर्बिटोल को नकली दूध बनाने में काम लेने लगे हैं। जहां ड्रम मिले उसके 100 मीटर दूरी पर मकान है। जहां खाली ड्रम मिले हैं। अब मकान मालिक ने ड्रम खुद के नहीं बताए। इसलिए टीम ने उनको नष्ट करा दिया। कोई केस नहीं बनाया।

### डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर की मौजूदगी में सैंपल भी लिया गया

सरस डेयरी के एक्सपर्ट एचएस थेनवा ने बताया कि सोर्बिटोल ऑयल - केमिकल, रिफाइंड को नकली दूध बनाने में काम लेते हैं। असल में पाउडर से एसएनएफ बढ़ाया जाता है।रिफाइंड ऑयल से फैट बढ़ती है। इसके अलावा सोर्बिटोल से आरएम बीआरओ को मैनेज किया जाता है। सोर्बिटोल से आरएम व बीआर सही हो जाता है।ऑयल मिलाने आरएम व बीआर 55 पहुंच जाता है। लेकिन सोर्बिटोल मिलाने से आरएम 22 तक आता है। जो जांच में पास हो जाता है। बीआर 40 से 42 के आसपास रह जाती है। इस तरह बनाया हुआ दूध निजी डेयरी में पास करा लिया जाता है।

### किडनी के लिए खतरनाक

डॉक्टर का कहना कि सोर्बिटोल का उपयोग किडनी सहित मानव शरीर के कई अंगों के लिए खतरनाक है। वैसे यह दवा के रूप में काम लिया जाता है। लेकिन दूध बनाने में अधिक मात्रा में काम लेने से किडनी सहित कई अंगों के लिए घातक है। बच्चों के लिए भी खतरा है।

## एसडीएम राहुल सैनी ने फसल खराबे को लेकर गांवों का किया दौरा

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा



बानसूर - उपखंड क्षेत्र में पिछले दिनों तेज सर्दी और पाले ने किसानों की सरसों की फसल को पुरी तरह से नष्ट कर दिया । जिससे किसान मायूस हो गए है। जिसको लेकर किसानों की ओर से राज्य सरकार से फसल के नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की जा रही है।

### सरसों की फसलों का किया निरीक्षण

क्षेत्र में एसडीएम राहुल सैनी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गुरुवार को खेड़ा, श्यामपुरा सहित कई गांवों का दौरा कर किसानों की खेतों में खड़ी सरसों की फसलों का निरीक्षण किया। वहीं एसडीएम राहुल सैनी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द किसानों की फसलों का सर्वे करवाकर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने बताया कि फसलों के सर्वे के लिए बानसूर में 27 पर्यवेक्षक लगातार सर्वे करने में लगे हुए हैं।

### पिछले दिनों तापमान पहुंचा था जमाव बिंदू पर

बता दें कि बानसूर मे पिछले दिनों पारा जमाव के नजदीक पहुंच गया था। जिससे किसानों की सरसों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि पाले ने 70 प्रतिशत सरसों की फसल को खराब कर दिया है। जिससे किसान की लागत भी वसूल नही हो रही है। जिससे किसान चिंतित बना हुआ है।

## कामां को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर किया जयपुर कूच

मरुधर विशेष आमिर खान कामा

कामां-कामां को जिला बनाने की मांग को लेकर लाल दरवाजे तक 74 दिन तक अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना देने के बाद गुरुवार कोकामा क्षेत्र वासियों ने जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले पैदल पैदल जयपुर कूच कर दियो गुरुवार को लाल दरवाजे जयपुर कुछ करने के बाद सभी आंदोलनकारी कस्बा जुरहरा पहुंचे जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया और आगे की रणनीति तैयार कर शुक्रवार सुबह पहाड़ी के लिए रवाना हो



गएजिला बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्रा ने बताया कि कामां को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर कामां के लाल दरवाजे तक पर 74 दिन तक अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना दिया गया लेकिन सरकार की नींद नहीं खुली सरकार ने कामां क्षेत्र वासियों की मांग को गंभीरता से नहीं लिया जिस पर कामां क्षेत्र वासियों ने जयपुर कूच का ऐलान कर दिया आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर धरना स्थल पर ही ध्वजारोहण में किया गया इसके बाद देशभक्ति के जयघोष के साथ जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष भगवत प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी व क्षेत्र वासी पैदल पैदल ही जयपुर के लिए रवाना हो गऐ जयपुर कूच में शामिल यात्री जुलूस के रूप में कामां कस्बे के सदर बाजार, नगर पालिका, कोसी चौराहा ,अंबेडकर सर्किल होते हुए पैदल पैदल गांव कलावटा, गुडगांव, गुरीरा, सोनोखर पाई होते हुए कस्बा जुरहरा पहुंचे, कामा कस्बे में आंदोलनकारियों ने गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कियो गांव गांव में जयपुर कूच यात्रा के दौरान जिला बनाओ आंदोलन से जुड़े पदाधिकारियों का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और जिला बनाए जाने की मांग का समर्थन करते हुए जयपुर कूच यात्रा मे शामिल हुऐ जयपुर कोसी यात्रा में वैद्य रूपबसंत सैनी ,डॉक्टर रविंद्र तरगोतरा,व पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल,पूर्व विधायक समसुल हसन ,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष याकूब खान ,दिगंबर चाहरा, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष निहाल मीणा, अकबर जोधपुर इलियास खॉन बिरार, अली हुसैन,रसीदा खॉन सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे

## विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया

मरूधर विशेष/ चेतन व्यास

भिंडर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़गांव के राजस्व गांव नारायणपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं 74वे गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हमारा देश विविध संस्कृतियों और परंपराओं का देश है जो हर साल 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाता है। इसी दिन सन 1950 में भारत द्वारा संविधान को अपनाने की घोषणा की गई थी। इस प्रकार 26 जनवरी का दिन ब्रिटिश




उपनिवेश से निकलकर गणतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाने का प्रतीक है।गणतंत्र दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक राजधानी दिल्ली में होने वाली परेड है। यह परेड देश के विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व तो करती ही है वरन् देश की राष्ट्रीय एकता और सामर्थ्य का भी मंचन करती है।स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हुक्मीचंद कमावत एवं गांव के महानुभव के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया तत्पश्चात परेड की सलामी ली इस दौरान सभी स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक पीटी एवं परेड का प्रदर्शन किया गया एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोकगीतों पर जमकर डांस किया एवं गणतंत्र दिवस को यादगार बनाया इसी तरह विद्यालय में नारायणपुरा गांव के ही निजी विद्यालय राजहंस मिडिल स्कूल एवं अलख ज्योति विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी ग्रामीणों ने विद्यालय में हो रहे हैं गणतंत्र दिवस समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हुक्मीचंद कमावत इसी वर्ष के मई महीने में सेवानिवृत्ति हो जाएंगे गणतंत्र दिवस समारोह एक तरह से विदाई समारोह में ही लग रहा था इस दौरान बड़गांव ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गांव के सभी वार्ड पंच के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे

## राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाना में मनाया गया धूमधाम से वार्षिक महोत्सव

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामां - राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाना में प्रधानाध्यापक महावीर




सिंह मीणा की अध्यक्षता में वार्षिक महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रिंसिपल भुनेश्वर सिंह व वशिष्ठ अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ढाना रहे जहां विद्यालय में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति पेश की वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को पुरस्कार भी दिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया कि पूरे देश में सभी विद्यालयों में बड़े ही धूमधाम से वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है आज गांव ढाना की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके हरगोविंद शर्मा, भगवान देवी समंदर सिंह, संतोष कुमार मीणा, राहुल कुमार मीणा, जगत सिंह, गुलशन रविंद्र कुमार उपाध्याय जलेब नूरु जुहूर खां अमजद रहीश खान शाहिद खान खुर्शीद सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे

## राजकीय बालिका स्कूल पर ग्रामीणों ने की ताला बंदी

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर - उपखंड के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर में शुक्रवार को ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच के नेतृत्व में सुबह करीब 2 घंटे तक



स्कूल को गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।पूर्व सरपंच संदीप यादव ने बताया कि कई महीनों से स्कूल में प्रिंसिपल सहित 10 अध्यापकों के पद खाली पड़े हुए हैं। जिसको लेकर शिक्षा विभाग को कई बार सूचना दी गई, लेकिन स्कूल में अध्यापकों की व्यवस्था नहीं की गई। इसी को लेकर आज गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल के गेट पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक ताला जड़ दिया और स्कूल में टीचर लगाने की मांग करने लगे। वहीं सरपंच ने बताया कि स्कूल में टीचर नहीं होने से छात्राओं को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। छात्राओं का कोर्स पूरा नहीं किया जा रहा है, जबकि 2 माह बाद ही परीक्षा है।तालाबंदी की सूचना पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह शेखावत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 31 तारीख तक 5 से 6 शिक्षकों की स्कूल में व्यवस्था कर दी जाएगी। शिक्षा अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोला ।

## गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के उपलब्ध पर समारोह का आयोजन किया गया

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



नीमराना। मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बनी आवासीय सोसायटी शुभ गृह में गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के उपलब्ध पर समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सोयायटी के समस्त गण्यमान्य निवासी उपस्थित रहे ! कार्यक्रम की शुरूआत सोसायटी के वयोवृद्ध बद्री प्रसाद ने ध्वजारोहण कर संयुक्त रूप से राष्ट्र गान कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया व माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की इस उपलब्ध पर सोयायटी के निवास डी के अलकारा,महेश कुमार, नीलम मणि, भैरूलाल, भानु प्रताप, चरण सिंह, सेल्स मैनेजर सोहन लाल,देवीलाल, महेंद्र,श्याम धारी, उपेंद्र कुमार,अरुण कुमार, एवं सोसायटी की महिलाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया

## धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, देश भक्ति के जयकारे गूंजे

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



खैरथल 27 जनवरी। कस्बे समीपवर्ती कोटकासिम व हरसोली में 74 वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर झंडारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कोटकासिम प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान ने कोटकासिम व हरसोली तहसील कार्यालय पर किया झंडारोहण। इस दौरान विकास अधिकारी कृष्ण,तहसीलदार निकिता चौधरी, नायब तहसीलदार , कानूनगो कुलदीप ,ओमप्रकाश ओर सभी पटवारी तथा पंचायत समिति कोटकासिम व हरसोली तहसील स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा नारायणी स्कूल, पतलिया के वार्षिक समारोह में भी कोटकासिम प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की ओर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश को आजादी दिलाने वाले वीरों के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं स्कूल निदेशक रामकिशन एवं स्टाफ द्वारा डॉ विनोद कुमारी सांगवान का सम्मान स्वागत किया गया।

## मोहम्मदपुर में गुरु रविदास जी की प्रतिमा का अनावरण समारोह रविवार को, आज कलश यात्रा

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**




खैरथल । समीपवर्ती गांव मोहम्मदपुर में गुरु रविदास जी महाराज की मूर्ति का अनावरण समारोह 29 जनवरी को आयोजित होगा, आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। गांव मोहम्मदपुर निवासी शिवचरण उर्फ कालू ने बताया कि समारोह की पूर्व संध्या पर नो बजे से भव्य सत्संग किया जाएगा।जाटव समाज द्वारा संस्थापित मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ रुपचंद होंगे जबकि अध्यक्षता गांधी नगर के सरपंच उदय सिंह करेंगे।संत शिरोमणि गुरु रविदास ट्रस्ट देवनगर दिल्ली के ब्रह्म प्रकाश गुलाटी, रणसिंह नेहरा,रसगन के सरपंच तारा चंद, बड़ली के सरपंच करतार सिंह, श्योपुर की सरपंच अनीता देवी, खेड़ला की सरपंच सीमा देवी, नूरनगर के पूर्व सरपंच मदनलाल,पेहल के पूर्व सरपंच हरनाम सिंह, हरसौली के पुर्व सरपंच व एमपीएस रमेशचन्द्र विशिष्ट अतिथि होंगे।

## काली माली में गैस सुरक्षा की लेकर संगोष्ठी आयोजित



मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत काली माली में मैसर्स रामसापीर इंडेन सर्विस फलोदी एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में तत्वाधान में गैस सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी एलपीजी पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान गैस के सुरक्षित उपयोग एवं रख- रखाव के बारे में ग्रामीण महिलाओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर जयपुर से रसरंग नाटकीय मंडली से आई टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन जोधपुर संभाग के एरिया मैनेजर नरेंद्र कंवरिया ने ग्रामीण महिलाओं को गैस सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामकरणसिंह मलिंडा सीओ फलोदी, थानाधिकारी राकेश कुमार ख्यालिया, उप सरपंच ओमाराम, जयराम फौजी, एसएमसी अध्यक्ष घेवरराम, प्रिंसिपल मुरलीधर कटारिया, मैनेजर महिपाल कटारिया, श्रीमती गायत्री गर्ग एवं प्रोपराइटर निर्मला कटारिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओ से गैस सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे गये, सही जवाब देने वाली महिलाओ को पुरस्कार के तौर पर सुरक्षा हौज दी गई।

## शिक्षक तंवर राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित



मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत होपारड़ी में पदस्थापित शिक्षक चैनसुख तंवर को अखिल भारतीय स्वतंत्र लेखक मंच नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय गौरव सम्मान- 2023 से अलंकृत किया गया है। शिक्षक चैनसुख तंवर को यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, समाज सेवा एवं साहित्यिक सेवाओं के लिये दिया गया है। उल्लेखनीय है कि तंवर एक शिक्षक के साथ-साथ अच्छे कवि एवं लेखक भी है। समय -समय पर विभिन्न समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं में उनकी कविताएं तथा आलेख प्रकाशित होते रहते है। इससे पूर्व भी शिक्षक तंवर को महात्मा गांधी ग्लोबल पीस अवार्ड, कोरोना योद्धा सम्मान, विश्व हिंदी रत्न सम्मान एवं शिक्षक दिवस सम्मान जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। तंवर को सम्मान मिलने पर फलोदी एवं होपारड़ी के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षको ने खुशी व्यक्त करते उन्हें शुभकामनायें दी है।

## गडकरी ने व्यास को इंडियन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया



मरूधर विषेश फलोदी। फलोदी कस्बा निवासी रमेश मोहनलाल व्यास को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इंडियन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है कि फलोदी निवासी रमेश मोहनलाल व्यास को दक्षिण भारतीय भाषाओं में बनी फिल्मों को हिंदी में डबिंग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये नितिन गडकरी द्वारा सम्मानित किया गया है। व्यास ने दक्षिण की फिल्मों को हिन्दी भाषा में रूपांतर करने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।आज विभिन्न टीवी चैनलों पर दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्मे जो हिंदी भाषा में डब होती है, का बड़ा दर्शक वर्ग है, इसके निर्माण में व्यास का अहम योगदान है। व्यास फलोदी क्षेत्र के प्रथम व्यक्ति है, जिनको सिनेमा के क्षेत्र में इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। व्यास को अवार्ड मिलने पर फलोदी कस्बे के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते उन्हें बधाई दी है।

## 5 फरवरी को होगे विकास कार्यो के उद्धघाटन ,,,,,,झझारपुर नई ग्राम पंचायत,

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। सोडावास के समीप झझारपुर ग्राम पंचायत के सभी विकास कार्यो का उद्घाटन 5 फरवरी को होगे । सरकार सरकार की नई योजना के तहत सोडावास से हटकर झझारपुर को नई ग्राम पंचायत का दर्जा मिला। उल्लेखनीय है झझारपुर गांव को टीकाराम जुली राजस्थान केबिनेट मंत्री ने गोद ले रखा है ।

# यज्ञोपवीत ब्राह्मणों का मुख्य संस्कार है - आई वी त्रिवेदी

### 30 बटुकों ने द्विजत्व प्राप्त किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः यज्ञोपवीत ब्राह्मणों के संस्कारों में मुख्य संस्कार है इसको धारण करना और इसका पालन करना प्रत्येक विप्र का कर्तव्य और अधिकार है । उक्त विचार प्रस्तुत किए जीजीटीयू कुलपति और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई वी त्रिवेदी ने विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा बंसत पंचमी 26 जनवरी के उपलक्ष में द्वितीय विप्र महाकुंभ के अंतर्गत द्वितीय सामूहिक विप्र यज्ञोपवीत एवम प्रथम अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन के अवसर पर बताया।उक्त कार्यक्रम मंदारेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर किया गया । कार्यक्रम में कुल 26 बटुकों ने आचार्य हर्षवर्धन व्यास के आचार्यत्व और पंडित प्रदीप भट्ट,पंडित राकेश जोशी, पंडित राकेश शुक्ला के सह आचार्यत्व में शुभ मुहूर्त में यज्ञोपवीत धारण किए । यज्ञोपवीत के पश्चात हुए परिचय सम्मेलन में संपूर्ण भारतवर्ष से आए हुए आवेदकों ने अपने बारे में मंच से बताया । कुल 300 से अधिक पंजीकृत ने अपना बायोडाटा बताया । इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में जीजीटीयू उपकुलपति आई वी त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी एडवोकेट लक्ष्मीकांत त्रिवेदी ने की ।विशिष्ठ अतिथि विप्र महाकुंभ के संयोजक जयप्रकाश पंड्या,प्रदेश सरक्षक पूर्व विधायक रमेश पंड्या, महंत मंदारेश्वर और मार्गदर्शक प्रेमकांत जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी साथ ही परिचय सम्मेलन संयोजक दिनेश चंद्र भट्ट, जील हॉस्पिटल सागवाड़ा के निदेशक भूपेंद्र भट्ट,लियो संस्थान के निदेशक मनीष त्रिवेदी ,विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डा.कीर्ति आचार्य थे। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन सचिव हेमेंद्र पंड्या,विप्र वाहिनी प्रदेश महामंत्री विकास भट्ट ,युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनय भट्ट ,पुष्पेंद्र पंड्या,भूदेव भट्ट,अरविंद चौबीसा,मुख्य रूप से उपस्थित थे।अतिथियों का स्वागत विप्र महाकुंभ सह संयोजक ललित कुमार जोशी, जिला ग्रामीण महामंत्री नवनीत त्रिवेदी, ज़िला महामंत्री जनक भट्ट, पंजीयन प्रभारी कैलाश जोशी, जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला , चंद्रशेखर शर्मा कुशलगढ़, बांसवाड़ा तहसील अध्यक्ष सुभाष चन्द्र पंड्या, नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव, नगर उपाध्यक्ष मनोहर जोशी, जुगल कुमार जोशी, संरक्षक मंडल सदस्य रामशंकर जोशी, संरक्षक मंडल सदस्य बालकृष्ण त्रिवेदी ने किया । जील हॉस्पिटल सागवाड़ा के निदेशक भूपेंद्र भट्ट सहित सभी वक्ताओं ने अपने उद्गार इस अवसर पर बताए । विप्र महाकुंभ में विप्र वाहिनी, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, वीसीसीआइ प्रकोष्ठ सहित प्रत्येक इकाई से लेकर प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त हुआ। अल्पाहार , चाय , भोजन की संपूर्ण व्यवस्था कोषाध्यक्ष के के शुक्ला के सानिध्य में संपन्न हुई । महिला खेलकूद के पुरस्कार वितरित

इस पावन अवसर पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा पूर्व में आयोजित भजन प्रतियोगिता और खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेताओं को मंच से पुरस्कार भी प्रदान किए गए ।महिला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम के अवसर पर प्रतिनिधि ही उपस्थित थे,समस्त अतिथि महिला सम्मान में मंच के सामने बैठ महिला प्रकोष्ठ को उत्साहित किया महिला जिला अध्यक्ष डा.कीर्ति आचार्य में नेतृत्व में आयोजित उक्त महिला सभा का संचालन बरखा जोशी ने किया। अतिथि कृष्ण गृहस्थी,भारती त्रिवेदी,पवित्र जोशी थी वही स्वागत सपना व्यास आभार योगेश्वरी जोशी और संध्या पंड्या ने किया।

मुख्य समारोह के शुभारंभ से पूर्व गणतंत्र दिवस का शुभ अवसर होने से राष्ट्रीय ध्वज जयप्रकाश पंड्या द्वारा लहरा जन मन गायन के पश्चात मुख्य आचार्य हर्षवर्धन पंड्या और सह आचार्य प्रदीप भट्ट,राकेश जोशी,राकेश शुक्ला द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम स्वागत शब्दो से विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने किया। संचालन जिला महामंत्री जनक भट्ट और जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया । और आभार विप्र महाकुंभ सह संयोजक ललित कुमार जोशी ने माना । अंत में शांतिपाठ के द्वारा कार्यक्रम का समापन जिला मंत्री कुशल पंड्या ने किया गया।

## उपखण्ड़ स्तरीय 74 वे गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का राउमावि सज्जनगढ़ में हुआ आयोजन, देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, उत्कृष्ट कार्य हेतु राजकीय कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



सज्जनगढ़ः उपखण्ड़ का उपखण्ड़ स्तरीय स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सज्जनगढ़ में पंचायत समिति सज्जनगढ़ प्रधान रामचन्द्र डिण्डोर की अध्यक्षता, उपखण्ड़ अधिकारी गोरधनलाल मीणा के मुख्य आतिथ्य, ग्राम पंचायत सरपंच कांता देवी कटारा, नायब तहसीलदार हरीश सोनी, विकास अधिकारी ललित कुमार, सज्जनगढ़ थानाधिकारी धनपतसिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जयदीप पुरोहित, महिला एवं बाल विकास अधिकारी हर्षित पटेल, संस्था प्रधान सरिता बारिया, उपखण्ड़ कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी ईश्वरलाल पडवाल, पंचायत समिति सदस्य सागर देवी एवं गणमान्य नागरिकों के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं सज्जनगढ़ थाना पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। सज्जनगढ़ मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे प्रधान रामचन्द्र डिण्डोर ने भारत के संविधान के बारे में जानकारी देते हुवे संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य निर्वहन का आह्वान किया। उपखण्ड़ अधिकारी गोरधनलाल मीणा ने विविधता में एकता और भाईचारे एवं संविधान के अनुसार देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजकीय कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया गया शिक्षा विभाग से कैलाश चंद्र मच्छर वरिष्ठ अध्यापक कम प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सज्जनगढ़ राजेंद्र सेवक वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सज्जनगढ़, राजस्व विभाग से दीपक कुमार राणावत सहायक कर्मचारी, दशरथ कुमार डांगर भूअभिलेख निरीक्षक तहसील कार्यालय सज्जनगढ़, संचित दोसी कनिष्ठ तहसील सज्जनगढ़, पंचायती राज विभाग से सुरेश भगोरा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत डूंगरा छोटा व कुंडा, सुनील कुमार शर्मा कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति सज्जनगढ़, लोकेश अड़ कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत टांडा मंगला, फूल सिंह निनामा सहायक कर्मचारी कांतिलाल डामोर सरपंच ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़, अरविंद पटेल सरपंच ग्राम पंचायत खुंदनीहाला, कृषि विभाग से वागजी डोडियार कृषि पर्यवेक्षक जालिमपुरा, प्रियंका पाटीदार कृषि पर्यवेक्षक रोहनिया लक्ष्मणसिंह, चिकित्सा विभाग से सुनंदा डामोर सीनियर नर्सिंग अधिकारी सुमित्रा पटेल नर्सिंग अधिकारी महिला बाल विकास विभाग से हेमलता पारगी महिला पर्यवेक्षक एवं संगीता डामोर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

# विभिन्न संगठनों ने मनाया गणतन्त्र दिवस

**रिपोर्ट - संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



रायबरेली - देश का 74वाँ गणतन्त्र दिवस जनपद रायबरेली में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों ने अपने-अपने कार्यालयों/ प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण कर देश के स्वतन्त्रता सेनानियों को श्रद्धाँजलि अर्पित की जिन्होनें अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में रह सकें। इन लोगों ने देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर कर दिये। विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी घण्टाघर चैराहे पर उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने ध्वजारोहण कर जनपदवासियों को शुभाकमनायें दी। इस अवसर पर श्री रस्तोगी ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद जरूर हुआ, लेकिन हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। 26 जनवरी 1950 ही वह दिन था, जब भारत पूर्ण गणतन्त्र बना। इसी वजह से हर साल 26 जनवरी का दिन राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। मुख्य रूप से घनश्याम गुप्ता, राजेश शर्मा, अतुल श्रीवास्तव, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, बाबू भाई, चन्द्रिका प्रसाल भुन्दल, जितेन्द्र मौर्या, बन्नाराम आठवानी आदि लोग उपस्थित रहे। सेवारत स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश स्वर्णकार ने लालचन्द्र चैक में ध्वजारोहण करते हुए कहा कि यह संविधान ही है, जो भारत के नागरिकों को एक सूत्र में बांधे रखता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवशरण लाल, सूरज कुमार बफार्नी, दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, अरूण कुमार वर्मा, गोविन्द सोनी, शिव नारायन सोनी, जेपी सोनी, महेश चन्द्र वर्मा, पुरूषोत्तम बाबू, लक्ष्मण प्रसाद रस्तोगी, सियाराम सोनी, इन्द्र कुमार वर्मा, श्रीमती सीमा, श्रीमती किरण, रामकरण सोनी, रामेश सोनी, सुरेश कुमार सोनी, सौरभ मौर्या, अनुभव रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी कार्यालय में इं. वीरेन्द्र यादव ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि पहली बार गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था, यही वह दिन था, जबसे हम कहने लगे कि हम भारतवासियों का अपना संविधान व कानून है और हमें ब्रिटिश राज से पूरी तरह आजादी मिल गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दादा ओपी यादव, मो0 अरशद खान, आर.पी. यादव, राजेन्द्र प्रधान, राजेश मौर्या, रामसेवक वर्मा, जय सिंह यादव, शत्रुघ्न पटेल, सुशील मौर्य, महेन्द्र तिवारी, अरविन्द चैधरी, राहुल निर्मल, सुरेश पासवान, पप्पू यादव, अजय यादव, मो0 इलियास, सन्ने अली, राघवेन्द्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्रीमती उमराई यादव स्मारक इ0का0 बद्रीनगर सिंघापुर में प्रबन्धक रामनरेश यादव ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर आलोक विक्रम, अंकित सौरभ, अतुल वैभव आदि लोग उपस्थित रहे। विशेषर इ0का0 इन्दिरा नगर रायबरेली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रबन्धक इन्द्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों का मन मोह लिया।

# नावरिया को मिला चल वैजयंती पुरस्कार

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर। 74वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर एसएमएस मेडीकल कॉलेज जयपुर के प्रधानाचार्य डॉ राजीव बगरह नावरिया को मिला चल वैजयंती पुरस्कार74वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर एसएमएस मेडीकल कॉलेज जयपुर के प्रधानाचार्य डॉ राजीव बगरहट्टा द्वारा जे के लोन चिकित्सलय की सर्जिकल वार्ड 2 की वार्ड प्रभारी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुश्री नीलम नावरिया को चल वैजयंती पुरस्कारमय दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रति वर्ष राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर चिकित्सालय वार्ड में सफाई व्यवस्था, बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, स्वच्छ रोगी सेवा, मरीजों के प्रति सेवा व्यवहार, गुणवत्तापूर्ण सेवा आदि व्यवस्थाओं का मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा गठित टीम द्वारा औचक निरीक्षण के उपरांत उनकी अनुशंसा पर दिया जाता है। सुश्री नीलम नावरिया ने अपने वार्ड प्रभारी रहते वार्ड में सफाई व्यवस्था, स्वच्छ रोगी सेवा, बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण व्यवस्था, स्वच्छ रोगी शौचालय,मरीजों की सेवा आदि का उचित मैनेजमेंट किया हुआ है। इन्होंने मरीजों का फीडबैक रजिस्टर भी बनाया हुआ है।ऐसी व्यवस्था इन्होंने 2016 से बनाई हुई है।ट्टा द्वारा जे के लोन चिकित्सलय की सर्जिकल वार्ड 2 की वार्ड प्रभारी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुश्री नीलम नावरिया को चल वैजयंती पुरस्कारमय दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रति वर्ष राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर चिकित्सालय वार्ड में सफाई व्यवस्था, बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, स्वच्छ रोगी सेवा, मरीजों के प्रति सेवा व्यवहार, गुणवत्तापूर्ण सेवा आदि व्यवस्थाओं का मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा गठित टीम द्वारा औचक निरीक्षण के उपरांत उनकी अनुशंसा पर दिया जाता है।

सुश्री नीलम नावरिया ने अपने वार्ड प्रभारी रहते वार्ड में सफाई व्यवस्था, स्वच्छ रोगी सेवा, बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण व्यवस्था, स्वच्छ रोगी शौचालय,मरीजों की सेवा आदि का उचित मैनेजमेंट किया हुआ है। इन्होंने मरीजों का फीडबैक रजिस्टर भी बनाया हुआ है। ऐसी व्यवस्था इन्होंने 2016 से बनाई हुई है।

## कस्बे के विधालय में विवेक जैन द्वारा जरूरतमंद 90 बालकों को जर्सियाँ की वितरित

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



कठूमर ।कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठूमर में अलवर के प्रतिष्ठित व्यवसाई विवेक जैन द्वारा जरूरतमंद 90 बालकों को जर्सियाँ वितरित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य विराज चौहान की प्रेरणा से अलवर के प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाई , दानदाता और भामाशाह विवेक जैन ने लगभग 25000 हजार रुपये की जर्सियाँ उपलब्ध कराई। वही पीईईओ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला सुर्री, उच्च प्राथमिक खंड तथा उच्च माध्यमिक खंड के बालकों को यह जर्सियाँ वितरित की गई। विद्यालय परिवार और प्रधानाचार्य विराज चौहान ने विवेक जैन का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विवेक जैन ने भविष्य में भी इसी प्रकार अनवरत जरूरतमंद बालकों को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## कालवाडी के विधालय में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**



कठूमर । उपखंड क्षेत्र की कालवाडी विधालय में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य आतिथ्य विधायक पुत्र अमिताभ बैरवा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। ार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य अमिताभ बैरवा का माला साफा व स्मृति चिन्ह भेंट कर मान सम्मान किया गया। समारोह में विधार्थियों द्वारा अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये, साथ ही भामाशाह एवं पढाई में अव्वल रहे छात्र-छात्रा ओ को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सरपंच रमेश मीणा, सरपंच प्रतिनिधि समय सिंह चौधरी, हरिकिशन मैनेजर, पार्षद अमरचंद जैन, प्रधानाचार्य कैलाश मीणा, गौरव चौधरी, पूर्व सरपंच श्रवण मीणा, संतोष कैरव, तारेश जाटव, अशोक सिंह नरुका, रामेश्वर मास्टर, रामखिलाडी जाटव, महावीर मीणा, सहित समस्त विधालय स्टाफ मौजूद रहे।

## तिजारा के सिंहद्वार पर रोड लाइटलाइट की बत्ती है गुल

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा कस्बे के सिंहद्वार पर जो नगर पालिका प्रशासन द्वारा रोड लाइट लगाई गई है वह पिछले 2 वर्ष से खराब पड़ी हुई है जिसकी वजह से तिजारा सब्जी मंडी से लेकर पांच इमली तक की लाइटें खराब पड़ी हुई है जिससे कि रात के समय राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और रात्रि में 9:00 बजे बाद जो सरकारी रोडवेज बसें अलवर से आती है वह तिजारा कस्बे की सवारियों को टोल टैक्स पर ही उतार कर चली जाती है जिससे रात्रि में कस्बे में आने वाले यात्री जो कि पैदल चलकर आते हैं उन्हें अंधेरे में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे मार्ग में बड़े हादसे होने का डर बना रहता है और इस मार्ग पर पहले भी एक हादसा हुआ था और इस मार्ग पर एक हिस्सा पूरा वार्ड नंबर 2 जोकि चेयरमैन का है उस पर भी लाइट की व्यवस्था नहीं है। और यह कस्बे में प्रवेश करने का प्रमुख मार्ग है ऐसी घटनाएं होने पर भी नगर पालिका प्रशासन रोड लाइट सही कराने में असमर्थ है।

## तिजारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**



तिजारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि तिजारा विधायक संदीप यादव रहे अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी ने की। मंच संचालन नरोत्तम सोनी द्वारा किया गया। ध्वजारोहण संदीप यादव विधायक तिजारा द्वारा किया गया। कस्बे के सभी स्कूलों से बच्चे मार्च पास्ट एवं पीटी के लिए आए। इसके बाद बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक प्रेम बहादुर सिंह , थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, नगर पालिका आशीष अधिशासी अधिकारी मुकेश शर्मा ,विकास अधिकारी इंद्राज मीणा, तहसीलदार बसंत परसोया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरीश गुप्ता, उप मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह, प्रधानाचार्य मीरा मुखीजा, प्रधानाचार्य लाल सिंह पालीवाल, ।नगर पालिका अध्यक्ष झब्बू राम सैनी, उपाध्यक्ष हरीश सांवरिया, कृषि उपज मंडी समिति के चेयरमैन समरजीत सिंह, उप चेयरमैन जयप्रकाश यादव, और बड़ी संख्या में अध्यापक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मग्घा मे तिरंगा यात्रा निकालकर मनाया गणतंत्र दिवस

**मरुधर हिंद / यदुराज नरेन्द्र शास्त्री**



उदयपुर क्षेत्र के सायरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मग्घा मे तिरंगा यात्रा निकालकर गणतंत्र दिवस मनाया` गणतंत्र दिवस पर विधार्थियों द्वारा रंगारंग देशभक्ति व सामजिक प्रस्तुति दी गई` तिरंगा यात्रा व प्रभात फेरी भँवरलाल घोघरा व गहरीलाल मेघवाल के नेतृत्व में निकाली गई` इस अवसर पर संस्था प्रधान करनसिंह दलावत, गहरीलाल मेघवाल, भँवरलाल घोगरा, अन्नाराम हिंगड, यदुराज नरेन्द्र शास्त्री, राजवीर लोहान, अध्यापिका सुनील कुमारी, नारायण राणावत ,रतन पुरी, कैलाश पुरी, किशन गुर्जर, टिलाराम वार्ड पंच, उदयलाल गुर्जर, सोहन भारती, चेतना गुर्जर समेत ग्रामवासी व विधार्थी मौजूद रहे`

## राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मग्घा मे वार्षिकोत्सव का आयोजन आज होगा

**मरुधर हिंद / यदुराज नरेन्द्र शास्त्री**

उदयपुर क्षेत्र के सायरा ब्लॉक के सिंघाड़ा पी.ई.ई.ओ. अधीनस्थ राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय. मग्घा का वार्षिकोत्सव सम्मेलन आज आयोजित होगा` कार्यक्रम की जानकारी भंवरलाल घोघरा व संस्था प्रधान करनसिंह दलावत ने दी`

## सरेड़ी बड़ी पेंशनर समाज ने किया ध्वजारोहण

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**




सरेडी बड़ी पेंशनर समाज ने पेंशनर भवन पर आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण किया ध्वजारोहण अध्यक्ष प्रवीण चंद्र व्यास एवं मुख्य अतिथि मनोहर लाल जी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पेंशनर भवन में स्थित सरस्वती माता का भी बसंत पंचमी के उपलक्ष में पूजन अर्चन किया गया स्वागत अध्यक्ष प्रवीण चंद्र व्यास ने किया उद्बोधन विशिष्ट अतिथि कोदरलाल शर्मा ने किया एवं आभार गजानन शर्मा ने माना इस अवसर पर जगदीश जी शुक्ला, विपिन जोशी, रमेश व्यास, भरत शुक्ला, नारायण लाल शर्मा, रमेश शर्मा , हरीश पाठक सहित अनेक पेंशनर उपस्थित थे।

## मोहनगंज पुलिस द्वारा 01 कुंतल 50 किग्रा0 गोमांस व गोवध करने के विभिन्न उपकरणों के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**मरूधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.01.2023 को उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर द्वारा गोली की बगिया ग्राम ननकू मजरे हंसवा में 04 लोगों द्वारा गोवध की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त हलीम पुत्र सलीम नि0 ग्राम भिलाई खुर्द थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गोमांस को बोरी में पैक करते हुए गोवध करने के विभिन्न उपकरणों के साथ समय करीब 07:30 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया एवं 03 अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त नें फरार अपने अन्य तीन साथियों के नाम 1.नूर आलम पुत्र मुन्ना उर्फ महाजन नि0 ग्रा0 ऊसर भिलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी, 2. इमरान उर्फ चांद बाबू पुत्र हमीद कुरैशी नि0 कस्बा व थाना मोहनगंज जनपद अमेठी 3.समसुद्दीन उर्फ सोनू पुत्र नुरुद्दीन उर्फ खम्भा नि0 ऊसर भिलाई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया ।गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।




## प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम में नारायणपुरा बच्चो ने देखा कार्यक्रम

**मरूधर विशेष/ चेतन व्यास**

उदयपुर जिले के भिंडर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़गांव के राजस्व गांव नारायणपुरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लिया भाग प्रधानमंत्री ने बच्चो के परीक्षा को लेकर होने वाले तनाव को कम करने को लेकर हुए कार्यक्रम में आज नारायणपुरा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चो ने प्रधानमंत्री जी के इस कार्यक्रम को देखा व इससे बच्चो ने प्रेरणा ली। कार्यक्रम के पश्चात बच्चो ने बताया हमे प्रधानमंत्री जी के इस प्रकार संवाद सुनने के बाद काफी आत्मबल आया है ।हम प्रधानमंत्री जी के 25 मूल मंत्रो को ध्यान में रख कर तैयारी करेंगे। साथ ही स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य हुक्मीचंद कमावत ने भी कार्यक्रम मे भाग लिया इस दोरान विद्यालय का स्टाप उपस्थित रहा यह जानकारी स्थानीय विद्यालय के अध्यापक रमेश चंद्र मेनारिया ने दी



## बालावास गोलीकांड में पुलिस ने नाबालिग सहित एक को गिरफ्तार किया

**मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के बालावास में सोमवार को शराब ठेकेदार पर फायरिंग करने के मामले में गैंग 'न्याय विभाग 0005' के बदमाश अमन यादव उर्फ प्रधान सहित एक नाबालिग और एक बाइक जब्त की है।बानसूर थाना अधिकारी हेमराज सराधना ने बताया कि सोमवार को शराब के ठेकेदार सुनील यादव उर्फ टल्ली पर बाइक सवार होकर आए 4 बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। जिसमें शराब ठेकेदार सुनील के पेट में गोली लगने से वो गंभीर रूप से घायल हो गया था।मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल बालावास में शराब की ब्रांच से 8 खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं दुकान की दीवार और लोहे की रैक पर फायरिंग के निशान भी मिले।इस घटना को लेकर दुकानदार सुनील यादव ने पुलिस को पूरी जानकारी दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने बानसूर, हरसोरा, नारायणपुर थाने की पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।बदमाशों की तलाश में पुलिस ने विशेष टीम बनाकर बानसूर, कोटपूतली, प्रागपुरा, बहरोड़ में आरोपियों की तलाश की। जिसके बाद सूचना पर वांछित आरोपी अमन यादव को हाजीपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने घटना में काम में ली जाने वाली एक बाइक भी बरामद की है।



## सदभावना मनोविकास संस्थान में हर्षोल्लास मनाया गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम

**मरूधर विशेष/विशेष सवांदाता**

सदभावना मनोविकास संस्थान कोटपूतली में आयोजित 74 वां गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के सचिव दिनेश कुमार ने देश के अमर बलिदानी को नमन करते हुए कहा हमारे देश की सामाजिक समरसता, उच्च आदर्शो, नैतिक मूल्य, सांस्कृतिक विविधता के सामने संपूर्ण विश्व भारत के सामने नतमस्तक है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदभावना मनोविकास संस्थान कोटपूतली के प्राचार्य सुरेश कुमार ने कहा आज देश निरंतर उन्नति के नए आयामों एवं कीर्तिमान स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। संविधान द्वारा शासित हमारे देश ने सामाजिक, आर्थिक , राजनीतिक ,शैक्षिक, तकनीकी आदि के क्षेत्र में वर्तमान समय में हमारे देश विभिन्न कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हमारा देश के संविधान के द्वारा प्रत्येक नागरिक को मौलिक ,स्वतंत्रता, शिक्षा, शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार दिया गया है संविधान एक ऐसा दस्तावेज है,जो राष्ट्र के मूलभूत सिद्धांतों और कानूनों को निर्धारित करता है। यह नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को भी परिभाषित करने के साथ लोकतंत्र के लिए ढांचा स्थापित करता है। यह सभी के लिए स्वतंत्रता न्याय समानता की ताकत देता है। आज इसी संविधान के कारण हमारे देश में सफल लोकतंत्र कायम है। हमें अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का हमेशा स्मरण करना चाहिए। क्योंकि उन स्वतंत्रता संग्रामियों के त्याग ,बलिदान के कारण हम को ब्रिटिश साम्राज्य से आजादी मिली थी।



## नाहर शक्ति सेवा संस्थान मे मनाया 74 वां गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर्व

**मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता**

अलवर की नाहर शक्ति सेवा संस्थान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं हर्षोल्लास के साथ 74 वां गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती के सामने मुख्य अतिथि श्री सुनील आर्य श्री जितेंद्र सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की समारोह में विभिन्न प्रेरक नाटकों एवं गीतों के माध्यम से छात्र छात्राओं ने देश और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की इस अवसर पर संस्थान की प्रतिभाओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया समारोह में संस्थान के सचिव श्री राजेश व्यास के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया संस्थान के कोषाध्यक्ष पवन शर्मा श्रीमती रजनी शर्मा श्रीमती टीना शर्मा श्री लोकेश व्यास श्री महेश गुर्जर चंद्रकांत जितेश व्यास समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे



# कुशलगढ़ नगर में धूमधाम से देशभक्ति उत्साह के साथ मनाया गया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः गणतंत्र दिवस पर स्थानिक चंद्रशेखर आजाद मैदान पर केआयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली उत्कृष्ट कार्य करने वालों 42,, व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जहां बालक बालिकाओं ने सामूहिक पीटी लेजियम का प्रदर्शन किया विद्यालय के बालक बालिकाओं ने आकर्षक प्रस्तुति दीनगर के विभिन्न कार्यालयों के संस्था प्रधानों ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनायाकुशलगढ़ 74वे गणतंत्र दिवस पर चंद्रशेखर आजाद मैदान पर मुख्य समारोह आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी ने मुख्य समारोह का ध्वजारोहण कर विद्यालय का परेड निरीक्षण कियाविद्यालय के बालक बालिकाओं ने मार्च पास्ट की सलामी ली जहां भंडारी ने कहा आज के रोज पूरे देश में संविधान लागू किया गया था संविधान लागू होने के बाद भारत संप्रभु राष्ट्र बन गया इसे गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू किया गया ताकि देश के सभी नागरिकों को अधिकार प्राप्त हो सके और संविधान में सभी नियम कानून बनाए गए जिसकी सुचारु रुप से लागू भी कर दिया गया उन्होंने कहा कि राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ लें समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक व जनजाति आयोग उपाध्यक्ष रमिला खड़िया ने कहा कि गणतंत्र का अर्थ होता है जनता का जनता के द्वारा शासन यानी की जनता खुद ही अपने नेता का चयन करती है देश में हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था विश्व में अव्वल है उन्होंने क्षेत्र में राज सरकार द्वारा योजनाओं के द्वारा आम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की बात कहीपंचायत समिति प्रधान कान्हिग रावत ने कहा कि गणतंत्र दिवस के पावन मौके पर हम उन सभी स्वतंत्र सेनानियों की याद करें उन्हें श्रद्धांजलि दें जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी और एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दी संयोजक संस्था प्रधान भीमजी सुरावत ने देश की आजादी और संविधान के बारे में पूर्ण जानकारी दीसमारोह में जनपद विजय सिंह खड़िया जिला योजना समिति के सदस्य रजनीकांत खाब्या प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हसमुखलाल सेठ, पार्षद नरेश गादिया महावीर कोठारी महेंद्र शाह संजय चौहान पायल पंड्या आशीष चोपड़ा महेंद्र सिंह परमार राखी बहन नरमता चोरडिया अजय निगम नवनीत जोशीउपस्थित दूसरी ओर विकास अधिकारी कार्यालय पर विकास अधिकारी मनोज ड़ोसी नगरपालिका कार्यालय पर नपा अध्यक्ष जितेंद्र आहारी कांग्रेस कार्यालय पर अध्यक्ष रजनीकांत खाब्या बीजेपी कार्यालय पर अध्यक्ष जैनेंद्र सेठिया तहसील कार्यालय पर तहसीलदार वीरेंद्र सिंह राठौड़ थाना परिसर में सीआई महेंद्र महिपाल सिंह सिसोदिया डीवाईएसपी कार्यालय पर उप अधीक्षक रूप सिंह आईसीडीएस कार्यालय पर पदाधिकारी विशाल दातला सीबीओ कार्यालय पर अधिकारी सब्बू रावत पंचायत समिति प्रधान कार्यालय पर प्रधान कान्हिग रावत उपखंड कार्यालय पर अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी माध्यमिक विद्या निकेतन पर संस्था प्रधान कैलाश राव प्राथमिक विद्यालय पर पत्रकार ललित गोलेछा आदि स्थानों पर ध्वजारोहण कियामुख्य समारोह में सम्मानित होने वाले मैं निलेश कुमार समीक्षा जैन डॉ मधु सुदन शर्माडॉ रामचंद्र,पत्रकार अरुण जोशी, पत्रकार ललित गोलेछा सहित 42 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया



# शिक्षा और संस्कार के बिना मनुष्य जीवन पशु के समान - दीपचंद खैरिया

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल ।राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि शिक्षा और संस्कारों के बिना मनुष्य का जीवन पशु के समान होता है।इसलिए दो रोटियां कम खाकर भी अपने बच्चों को शिक्षित और संस्कारी बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाए।वे समीपवर्ती गांव गिरवास में नवक्रमोन्नत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में दी गई सौगातें गिनवाते हुए कहा कि यही कारण है कि राजस्थान शिक्षा के मामले में देश में नंबर वन पर आ गया है। कार्यक्रम में कोटकासिम की प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान, पूर्व एडीडीओ जसवंत सिंह आर्य व ब्लाक मुख्य शिक्षा अधिकारी राजकुमार जैन,पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा?, नगरपालिका में प्रतिपक्ष नेता विक्की चौधरी, शिक्षाविद् रतिराम सैनी व जीवन सिंह व खैरथल थाना प्रभारी अंकेश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर युवाओं ने हस्ताक्षर युक्त विधायक को ज्ञापन देते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम गिरवास बावरिया में खेल मैदान की मांग करते हुए कहा कि खसरा नंबर 260 गैर मुमकिन बेहड़ का पैमाइश करवा कर अतिक्रमण मुक्त कर खसरा नंबर 260 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरवास के खेल मैदान के लिए आवंटित करें जिससे युवाओं को खेलने के लिए खेल मैदान मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच हुकमसिंह ने की। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य मंगतू,गांव के नंबरदार मूलचंद, इलियास खां,रेशमदेवी, पांची देवी,गोपीराम सहित स्कूल स्टाफ ने अतिथियों का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस मौके पर रफीक, मुबारिक,साहुन, किशन, मनजीत, राहुल, मुबादील,खालिद, ताहिर, जाहिद, इमरान, विष्णु, सलमू, सोनपाल, सुरजीत, जंगली, रसमू, कपिल, सरजीत, खुशीराम, खेमचंद, धनीराम, प्रकाश, देवलाराम, सुबेसिंह, संजय,मोनू,मनीष, गोलू, मातूराम, आदिल, सत्तार,जान मोहम्मद आदि मौजूद रहे।



# प्राथमिक विद्यालय देवकली,तिलोई में संकुल बैठक सम्पन्न

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

प्राथमिक विद्यालय देवकली, तिलोई-अमेठी में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। राम सिंह, प्रधानाध्यापक द्वारा बैठक की बहुत अच्छी व सुन्दर व्यवस्था दी गई। जिसमें ए आर पी बृजेश कुमार सिंह जी-विज्ञान , शोभा शरण - गणित विषय के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापक, कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी ने किया।कार्यक्रम का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया । संकुल बैठक में बृजेश सिंह द्वारा , निपुण भारत के अंतर्गत 22 सप्ताह के चलने वाले शिक्षण कार्यक्रम, अपने विद्यालय में किए जा रहे गतिविधियों का प्रदर्शन एवं निपुण लक्ष्य एप से मूल्यांकन पर विशेष चर्चा- परि चर्चा की गई । शुभ्रा सिंह,उपमा शुक्ला, सुचित्रा सती, शहाना बेगम,, रामावती,ने गतिविधि व शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देने के तरीकों का प्रस्तुतीकरण किया।धीरेंद्र प्रताप सिंह- जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा समय से विद्यालय पहुंच कर विभाग की समस्त योजनाओं व परियोजनाओं का सुचारू रूप से लागू करते हुए विभागीय निदेर्शों का अक्षरशः पालन करें,और निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में विशेष ध्यान दें। बृजेश सिंह ने सभी शिक्षकों को ससमय विद्यालय पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवम निपुण लक्ष्य समय से प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।शोभाशरण ने गणित के पढ़ाने के सरल तरीके बताए। अमिता जायसवाल ने नवाचार के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर शिक्षक/शिक्षिकाओं में भारतेन्द्र सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव,अमृता जायसवाल, शशि कला, शालिनी सिंह,आविदा बानो, पुनीत कुमार, शुभम सिंह, दिनेश कुमार,मीना सिंह,एवं ललित कुमार मौर्य - संकुल शिक्षक विराज आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।राम सिंह प्रधानाध्यापक ने आए हुए अतिथियों व शिक्षकों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।



# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस लाइन में ली गई परेड की सलामी

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

सुल्तानपुर। 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर परेड ग्राउण्ड रिजर्व पुलिस लाइन जनपद-सुलतानपुर में सुव्यवस्थित ढंग से सादगी व उत्साहपूर्वक रैतिक परेड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में शिरकत किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गयी। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण कर परेड के मंच से गुजरने पर ह्लदाहिने देखह्ल की कार्यवाही का अभिवादन स्वीकार किया गया। परेड में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मियों की टोलियां, आपात सेवा 112 की दो पहिया व चार पहिया पीआरवी, स्वाट टीम, श्वान दल, दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस, मिशन शक्ति टीम आदि शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा शपथ-पत्र का वाचन कर परेड में शामिल टोलियों को संविधान की शपथ दिलाई गयी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप आकाश में गुब्बारे व कबूतर छोड़े गए। मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में परेड की सराहना करते हुये जवानों के जज्बे का उत्साहवर्धन कर पुरुस्कृत किया गया। परेड कमाण्डरगणों क्षेत्राधिकारी लाइन अब्दुस सलाम खान, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रसेन सिंह, उ0न0 नरेंद्र बहादुर सिंह, उ0नि0 आनन्द गौतम, उ0नि0 राम किशोर रावत, उ0नि0 सुरेश पटेल, उ0नि0 काजी हुजूर आलम, उ0नि0 चित्रा सिंह को प्रशस्ति-पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को जनपद में सराहनीय कार्य हेतु पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह(हीरक) से सम्मानित किया गया।जिलाधिकरी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला पुलिस में उत्कृष्ट कार्य करके अपना गौरव बढाने वाले पुलिस कर्मियों को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट, अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित होने वाले अधिकारी व कर्मचारी गण पुलिस लाइन सुलतानपुर को नवाजा गया है। निरीक्षक रामआशीष उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक को0 नगर को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से नवाजा गया है।उत्कृष्ट सेवा मेडल से निरीक्षक क्राइम ब्रांच आलोक कुमार सिंह, निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक को० देहात, निरीक्षक प्रद्युम्न कुमार सिंह प्रभारी चुनाव सेल, निरीक्षक श्यामसुन्दर प्रभारी निरीक्षक धम्मौर, उ0नि0 अखिलेश सिंह, उ0नि मो0 तनवीर खान थाना अखण्डनगर, उ०नि० सन्तोष कुमार शुक्ल, मु०आ० भोलानाथ सरोज, मु०आ० अभिजीत सिंह, म०मु०आ० वृन्दावती चौधरी, फायर सर्विस चालक चन्द्रधर दुबे, मु०आ० पवनेश कुमार यादव, आरक्षी चालक संजय कुमार राय, को नवाजा गया है।



## डीह थाना पुलिस ने 1 अदद देसी तमंचा व 1 अदद जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

डीह थाना पुलिस ने गरुण मोबाइल में ग्राम मऊ की ओर जाते वक्त महावल पुलिया के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र कैलाश पासी निवासी वीरे मजरे आशा रशीदपुर थाना डीह जनपद रायबरेली को 1 अदद देसी तमंचा 315 बोर मय 1 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया व गाड़ी का कागज न होने के कारण मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207`५.३ के तहत सीज किया गया अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. राजकुमार शुक्ला मय हमराह का. सचिन सिंह, का. विश्वजीत सिंह, का. अतुल कुमार शामिल रहे



## वैशाली नगर व्यापार मंडल समिति द्वारा आज आम्रपाली सर्कल पर बीबीसी का पुतला दहन किया

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह**

वैशाली नगर व्यापार मंडल समिति द्वारा आज आम्रपाली सर्कल पर बीबीसी का पुतला दहन किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ ललित सिंह सांचोरा ने बताया कि बीबीसी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने के प्रयास में जो डॉक्यूमेंट्री जारी की गई उसके विरोध में सभी व्यापारी आमजन ने विरोध स्वरूप बीबीसी न्यूज चैनल का पुतला दहन किया। पुतला दहन मैं वीरेंद्र राघव, अरविंद कौशिक, गजेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह महला, राहुल वंगानी, दिलीप, सत्यनारायण आदि ने भाग लिया।




## विधालय मे 74वा गणतंत्र दिवस बडे हर्षोउल्लास से मनाया

**मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार**

अराई,ग्राम काकलवाड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 74वा गणतंत्र दिवस बडे हर्षोउल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच श्रवणी देवी विशिष्ट अतिथि कानसिंह राठौड़ सरपंच प्रतिनिधि किशनलाल बैरवा प्रधाना अध्यापक रामचरण मीणा ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया दीप प्रज्वलित के बाद झण्डा रोहण करके स्वागत सत्कार किया गया।मंच का संचालन अध्यापक भीमसिंह नायक ने अपने शायराना अंदाज में पेश किया। विद्यालय प्रांगण में सर्द हवाओं को चीरते हुए कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक व देश भक्ति के गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गयी। समारोह में गांव से बडे बुजर्ग युवा युवक युवतिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।सरपँच ने ग्राम पंचायत कार्यालय व पशु चिकित्सा उपकेंद्र पर भी ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में गांव से गोपाल सिंह, टवर सिंह ,रायमल कूड़ी, वार्डपंच प्रतिनिधि मुकेश जाट, नारायण पूरी, दशरथ पूरी ,हरिराम पूरी, पत्रकार विजय वैष्णव ,ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मण बैरवा, करतार जाट, केलाश जांगिड़, महावीर प्रसाद तालोड़, मनीष दरोगा, लखन गोस्वामी, धर्मेन्द्र जांगिड़ ,जयनारायण सैनी व कई जन प्रतिनिधि उपस्थित हुए।



## टायर फटने से स्कूल बस पलटी

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के गांव खटोटी में शुक्रवार शाम 4 बजे स्कूल से बच्चों को लेकर जा रही है बस पलट गई जिसमें करीब 4 से 5 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कूल बस में 32 बच्चें सवार थे।जानकारी के अनुसार धीरपुर के हरदयाल उच्च माध्यमिक विद्यालय की बस छुट्टी के बाद बच्चों को छोड़ने के लिए खटोटी जा रही थी। इसी दौरान बस का टायर फूटने से असंतुलित हो गई और बस असंतुलित होकर नीचे गड्ढे में जा गिरी। जिसमें 4 बच्चें घायल हो गए। जिसमें 9 वीं कक्षा के छात्र अनिल को बानसूर उप जिला अस्पताल लाया गया जहां से उसे कोटपुतली के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं दो बच्चों को हल्की चोट लगने पर उपचार के बाद घर भेज दिया गया। तथा बस ड्राईवर माडाराम को गंभीर चोट आने पर कोटपुतली के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं एक 12 वीं कक्षा की छात्रा को भी कोटपुतली ले जाया गया। बानसूर एसडीएम राहुल सैनी ने बताया कि धीरपुर से खटोटी के लिए स्कूली बच्चों को छोड़ने जा रही बस का स्टेरिंग रॉड टूटने से बस का टायर फट गया और बस असंतुलित होकर गहरे गड्ढे में जा गिरी। जिसमें 4 बच्चे घायल हो गए।



## अध्यापकों की कमी को लेकर ग्रामीणों ने किया नारेबाजी प्रदर्शन, स्कूल गेट पर लगाया ताला

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामां- क्षेत्रीय विधायक जाहिदा खान के राजस्थान सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री होने के बावजूद कामां विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूल अध्यापकों की कमी से जूझ रहे हैं आए दिन अध्यापकों की कमी को लेकर तालाबंदी होती रहती है शुक्रवार को भी अध्यापकों की कमी को लेकर गांव ऊंधन के उच्च प्राथमिक विद्यालय के गेट पर आक्रोशित ग्रामीणों ने तालाबंदी कर दी और नारेबाजी प्रदर्शन कर विद्यालय में रिक्त पदों को भरने की मांग की गांव ऊंधन निवासी निहालसिंह तरगोतरा ने बताया कि गॉव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में करीब डेढ़ सौ बच्चों का नामांकन है और इन्हें पढ़ाने के लिए 7 अध्यापकों पद स्वीकृत हैं जिनमें से मात्र 3 अध्यापक ही तैनात है इनमें से एक अध्यापक तो कई कई दिनों से छुट्टी पर चल रहा है दो अध्यापक ही डेढ़ सौ बच्चों को पढ़ाने का कार्य करते हैं जो संभव नहीं है बच्चे स्कूल तो जाते हैं लेकिन पढ़ाई ना होने की वजह से इधर-उधर घूम कर घर वापस आ जाते हैं शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय गेट पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया और विद्यालय में सभी पदों पर अध्यापक लगाने की मांग की विद्यालय गेट पर तालाबंदी व नारेबाजी प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मूसेपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीईईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को एक अध्यापिका की नियुक्ति की जानकारी देकर समझाईस कर मामले को शांत कराया।



## श्वेता को उपखंड पर किया सम्मानित, महिलाओ को कार्यक्षेत्र मे हमेशा देती है बढावा

**मरूधर विशेष/चेतन व्यास**

चित्तौडगढ़ जिले उपखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय संगठन नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में मदर टेरेसा महिला मंडल राष्ट्रीय स्वयं सेविका श्वेता सामर को उपखंड स्तर पर गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया गया ।राष्ट्रीय स्वयं सेविका श्वेता सामर को विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाने समाज सुधार, महिला उत्थान, महिला उत्पीड़न, महिला रोजगार, एवं युवा पीढ़ी को संस्कारी करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने एवं देश के संकट की घड़ी कोरोना में लोगों में जागरूकता लाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रवासियों को हर समय पर महत्वपूर्ण जागरूकता लाने में किया कार्य । क्षेत्र में महिला उत्थान, महिला रोजगार, स्वतंत्रता दिवस, विश्व फोटोग्राफी दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, राष्ट्रीय खेल दिवस, विश्व साक्षरता दिवस, हिंदी पखवाड़ा, पोषण माह गांधी जयंती, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व पोलियो दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, बाल दिवस, एड्स दिवस, युवा दिवस, मानव अधिकार दिवस, अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस, राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस, हिंदी दिवस, विश्व हिंदी दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस, राष्ट्रीय बालिका दिवस, पराक्रम दिवस, एवं साथ इस दौरान उपखंड अधिकारी, एवं स्थानीय विद्यालय स्टाफ, स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थी एवं क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे ।



## मुंडावर विधायक निवास पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उमेश भाया के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन जाट बहरोड मंडल का मुंडावर विधायक निवास पर किया ।वही पर दूसरी जगह उपखण्ड के चांदपुर गांव में भी भाजपा जिलाअध्यक्ष उत्तर



उम्मेद भाया का भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया । इस मौके पर उम्मेद भाया ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप को जिला अध्यक्ष समझते हुए लगातार पार्टी हित में अपने कार्य को करते रहे । जिम्मेदारी मुझे नहीं आप सभी कार्यकर्ता को समर्पित इस । इस अवसर पर मुंडावर विधायक मनजीत धर्मपाल चौधरी ने कहा कि भाया पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता इस । एक साधारण कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने आम कार्यकर्ता का मान बढ़ाया इस । यह एक सराहनीय कदम है । इस अवसर पर रमेश सरपंच जाट बहरोड , मनीष यादव मंडल अध्यक्ष, किशोर चौधरी, आभास शर्मा मंडल महामंत्री, हेमंत चौधरी जसाई, देवेंद्र भोजपुरी, राजेंद्र सेन, लक्ष्मी स्वरूप पंच ,हरीश रमेश, रमेश प्रधान पोलादपुर, विनोद चौधरी, सुमेर चौधरी, कैलाश सरपंच, मंगल उपसरपंच, विक्रम ठेकेदार कुंडू,कृपाल सिंह चौहान, नरेश यादव, ओमवीर सिंह, होशियार सिंह, जय सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नगर द्वारा आवश्यक वस्तुओं का किया वितरण

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

नगर । उपखंड क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नगर द्वारा शुक्रवार को प्रबंधक सीएल शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न



कार्यालय एवं विद्यालय में आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया।शाखा प्रबंधक सीएल शर्मा ने बताया कि 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा नगर शाखा के द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगर, थाना कार्यालय नगर तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाजाहेड़ा में आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन रामअवतार मित्तल, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक सीएल शर्मा एवं समस्त बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नगर स्टाफ मौजूद रहा

## तिजारा श्री श्याम मंदिर में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा हर वर्ष की भांति श्री श्याम मंदिर तिजारा में बसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआबसंत पंचमी महोत्सव पर बाबा श्याम का अंतर्वस्त्र बदला गया जो 365 दिन में एक बार बसंत पंचमी के दिन हीं बदला जाता है कहते हैं कि इस वस्त्र में बड़ी शक्ति होती है यह वस्त्र बांझ औरत की गोदी भी भर देता हैबसंत पंचमी के अवसर पर बाबा श्याम का पीले फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। बसंत पंचमी के कीर्तन की शुरूआत गणेश वंदना से पहला न्योता स्वीकारो गणपति जी आज पधारो के साथ की गई उसके बाद नारायण शर्मा ने कीर्तन की है रात और सुधांशु गौतम ने बाबा तेरे कीर्तन की मयार्दा टूटी जाए आदि भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया तत्पश्चात आरती कर सभी भक्तों को बाबा की प्रसादी वितरित की गई इस दौरान कीर्तन में सौरभ अग्रवाल अनिल अरोड़ा, पंकज गुप्ता, यश अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, विनोद बत्रा, मोनी बजाज व कस्बे के सैकड़ों श्याम प्रेमी मौजूद रहे

## रामपुरा पाटन में भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर । खेरली क्षेत्र के रामपुरा पाटन गांव में सात सौ फुट ऊंचाई की पहाड़ी



पर स्थित अंजनी माता के मंदिर पर आयोजित भागवत कथा सप्ताह के अवसर पर कलश यात्रा थाई वाले बाबा से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई।वहीं श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में जयकारे लगाते हुए चल रहे थे कथावाचक आरती शास्त्री वृंदावन वाली ने भागवत कथा शुभारंभ करते हुए कहा कि भागवत कथा ही असली सत्संग है। भागवत कथा का वचन 2 फरवरी तक प्रतिदिन 11:00 से 4:00 तक होगा। इस मौके पर समस्त रामपुरा पाटन ग्रामवासी मौजूद रहे।

## ब्लॉक क्वाडिनेटर योगेश पांडे के नेतृत्व में बट रहा कंबल

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

रायबरेली सलोन अमेठी सांसद स्मृति ईरानी द्वारा संचालित उत्थान सेवा



संस्थान के लोकसभा संयोजक सुधांशु वर्मा के तत्वाधान में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर योगेश पांडे के संरक्षण में ब्लॉक सलोन के कई सेक्टरों में भीषण ठंड को देखते हुए सांसद अमेठी स्मृति ईरानी के द्वारा भेजे गए कंबल जरूरतमंदों को वितरित किए गए इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर योगेश पांडे के द्वारा जनमानस को संदेश दिया गया कि समय-समय पर सांसद स्मृति ईरानी आप लोगों के साथ सहयोग हेतु तत्पर हैं इस मौके पर उत्थान संस्थान सेवा की टीम में लोग मौजूद रहे,

## कस्बे के जीआईएस स्कूल द्वारा आयोजित जी-टेस्ट 29 जनवरी को होगा

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। कस्बे के जीआईएस स्कूल द्वारा जी-टेस्ट का 29 जनवरी रविवार को आयोजित किया जायेगा। जीआईएस के डायरेक्टर मनोज चौधरी ने बताया है कि जी-टेस्ट में करीब 5700 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गये है। जिसमें गैलेक्सी एकेडेमी व




जीआईएस कैंपस जी-टेस्ट परीक्षा में शामिल होने वाले होनहारों को 10 लाख की छात्रवृत्ति व 1 लाख के नगद नगद पुरस्कार और परीक्षा में शामिल होने वाले टॉप 500 छात्र होनहारों को सम्मानित किया जायेगा प्रत्येक कक्षा के टॉप तीन विधार्थियों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

## कस्बे के जीआईएस स्कूल कैंपस में दो द्विवसिय खेलों का हुआ समापन

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर। कस्बे के जीआईएस स्कूल में दो द्विवसिय खेलों का शुक्रवार को समापन किया गया जिसमें गर्ल्स क्रिकेट, बॉयज क्रिकेट, स्लो साईकिल रेस,लॉन्ग जम्प,रस्सी खीच, रस्सी कूद, पेंटिंग, मेहदी, के आदि प्रतियोगिताये कराई गयी। और सभी विजेता खिलाडियों को मैडल से सम्मानित किया



गया।इस अवसर पर जीआईएस के डायरेक्टर मनोज चौधरी ने बताया की गणतंत्र दिवस के अवसर पर बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए विद्यालय में खेलों का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर गैलेक्सी ग्रुप ऑफ एजुकेशन कठूमर के डायरेक्टर मनोज चौधरी, कमल सिंह मीना, विशाल चौधरी, नवीन चौधरी, धर्मवीर चौधरी, जितेंद्र सिंह, राकेश चौधरी, सुमन्त शर्मा, सुभाष चौधरी सुशील, राजेंद्र बत्रा, बलराम शर्मा, संतोष साहू, रवि रावत, मनीष शर्मा, यादवेन्द शर्मा, श्यामलाल, विष्णु मीना, वेद चौधरी, मुनेश शर्मा रामअवतार चौधरी, हेमराज, एवं समस्त स्कूल के अध्यापक मौजूद रहे।

# पत्रकारीता में उत्कृष्ट कार्य कर ने पर सम्मानित किया






कुशलगढः चंद्रशेखर आजाद स्टेडियम में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष जितेन्द्र अहारी पंचायत समिति प्रधान कानहिंग रावत, उपखण्ड अधिकारी चंद्रशेखर भंडारी और कुशलगढ विधायक श्रीमति रमिला खड़िया द्वारा अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा और ललित गोलेछा पत्रकार को पत्रकारीता में उत्कृष्ट कार्य कर ने पर सम्मानित किया गया

# 74वा गणतंत्र दिवस राउमावि सरसियापाडा में हर्षोल्लास से मनाया गया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

बांसवाड़ा :कार्यक्रम में मुख्यातिथि सरपंच साहिबा ताजूडी देवी, विशिष्ट अतिथि पुंजा भाई गरासिया, अतिविशिष्ट अतिथि पिन्टू भाई वार्ड पंच एवं अध्यक्षता संस्थाप्रधान प्रेमचन्द डामोर के सानिध्य में हुआ। अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम भारत माता और सरस्वती की पुष्प माला दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया।आये हुए अतिथियो का तिलक ओर माला से स्वागत किया गया।स्वागत भाषण हेतु सुरसिंह निनामा ने शब्द सुमन से अतिथियों का अभिनन्दन किया। बच्चों द्वारा परेड मार्च ओर शारिरिक व्यायाम का प्रदर्शन शा.शि. राजाराम मीणा के निर्देशन में हुआ।विभिन्न देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।मुख्यातिथि द्वारा अभिभाषण




दिया गया।संस्थाप्रधान प्रेमचंद डामोर ने विभिन्न शैक्षिक सहशैक्षिक उपलब्धियो को मंच के माध्यम से अवगत करवाया साथ ही विद्यालय के विकास में सहयोग की बात कही।अतिविशिष्ट अतिथि पिन्टू भाई द्वारा बच्चों को प्रेरित किया साथ ही देश के लिए मर मिटने हेतु हमेशा तत्पर रहे। एवम बच्चों को कुसंगति और बुरी आदतों से दूर रहकर निश्चित लक्ष्य लेकर अध्ययन करने की बात कही तथा अभिभावकों को भी समय समय पर विद्यालय में आने का अनुरोध किया।सर्जिकल स्ट्राइक ओर पुलवामा हमलों का मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे। राजेश निनामा, गजेंद्र भाई, रमेश भाई, मलसेंग भाई,लीमा भाई, बदरुलाल, बदामीलाल, उदयसिंह,रसिया भाई,रक्षा लबाना, इंदिरा मछार, ज्योति सिरोहा, भूरी गरासिया, दिनेशचंद्र, बादरसिंह दामा, जयपाल डामोर,सूरजमल डिंडोर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल दामा ओर आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अध्यापक विनोद कुमार पंचाल ने किया।

# इन्द्रा हैप्पी स्कूल में मनाया गणतंत्र मेला, मेघावी बच्चों को मिले पुरस्कार

## सेटेलाइट अस्पताल के पीएमओ डॉ नितिन शर्मा ने बच्चों को बताए हेल्थ टिप्स

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 27 जनवरी । शिक्षा के साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इन्द्रा हैप्पी स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित गणतंत्र मेला में बच्चों ने अभिभावकों के साथ लुत्फ उठाया।संस्था के निदेशक पंकज खुराना, प्राचार्य डॉ ज्योति एवं फाउंडर श्रीमती इंद्रापाल खुराना ने झंडा रोहण किया। समारोह में रंगारंग कार्यक्रम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गणतंत्र मेले में मदर चाइल्ड डांस कंपीटीशन हुआ, जिसमें नक्श लालवानी विद मदर श्रीमती दीपिका लालवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान मानवी कपूर व उनकी मम्मी को मिला तथा



तृतीय स्थान भव्य शर्मा व उनकी मम्मी को मिला । लक्की ड्रा का प्रथम पुरस्कार अनवेज को (बूफर स्पीकर)मिला तथा द्वितीय पुरस्कार अनिल सीरवानी को (अटैची) मिली और तृतीय पुरस्कार फैजान को (लेदर बैग) मिला। लक्की ड्रा द्वारा कुल 101 विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। मंच संचालन गारवी व सारा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर नितिन शर्मा पीएमओ सैटलाइट हॉस्पिटल खैरथल रहे।पीएमओ डॉ शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को हेल्थ टिप्स बताए। कार्यक्रम में पत्रकारों को संस्था निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिनमें वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद मंगलानी, संजीव शर्मा,हीरा लाल भुरानी, प्रमोद खंडेलवाल,टीम दबंग के विजय सिंह, मोहम्मद शकील, मनीष मिश्रा,दिनेश मखीजा,उमेष अग्रवाल,बबलू मेहता,चंदू आचार्य ,मयंक शर्मा,आदि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इंद्रा हैप्पी स्कूल के पूर्व छात्र छात्राओं का भी सम्मेलन आयोजित हुआ। स्टेज की व्यवस्थाएं पारुल तिवाड़ी निशा मंगलानी मोना चंदवानी आदि ने की। बच्चो को अल्पहार मोना,महिमा रजनी आदि ने करवाया। कार्यक्रम की कोरियोग्राफर निकिता सिमरन पूजा महिमा रही। छात्र छात्राओं व अभिभावकों ने गणतंत्र दिवस पर काफी मनोरंजन किया। इस मौके पर डॉ नितिन शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार संजीव शर्मा के द्वारा विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इंद्रापाल खुराना को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया । अंत में शाला निदेशक पंकज खुराना ने मीडिया अतिथियों व स्टाफ का सफल कार्यक्रम करवाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गया गणतंत्र दिवस समारोह

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर स्थित राउमावि के खेल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एडीएम शिवपाल जाट ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर विधायक पब्बाराम विश्नोई, प्रधान हाजी उमरदीन सिंधी, नगरपालिका अध्यक्ष पन्नालाल व्यास पहलवान, एसडीम डॉ. अर्चना व्यास, तहसीलदार हुकमीचंद तंवर, डीटीओ ताराचंद बंजारा, सीओ रामकरण सिंह मलिंडा, किशोर कुमार बोहरा सहित अन्य कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिये 62 लोगों को सम्मानित किया गया। ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में चैयरपर्सन श्रीमती विनोद चौधरी ने ध्वजारोहण किया। स्कूल निदेशक श्यामसुंदर चौधरी ने गणतंत्र दिवस



एवं बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगीता भाटी, सुमित्रा, विनोद, सूर्यभानसिंह, प्रेमसिंह, लोकेश, कुसुम, भावना, रिशिता सुथार, लक्ष्मी शर्मा, पूजा, खुशी, हंसा देवड़ा, ललिता, भरतसिंह, कोमल, कल्पना बेन, हीना एवं अंजू सोलंकी आदि उपस्थित रहे। महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल आमला में गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सभी स्टूडेंट्स ने सरसों के खेतों में प्रकृति के साथ मां शारदे का उत्सव मनाया। निदेशक श्रीमती नीरज कंवर शेखावत ने अतिथियों एवं विधार्थियों को शुभकामनाएं दी। टेडी किड्स स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अरुण माथुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरस्वती पुरोहित, श्रीमती इंदिरा बोहरा, स्कूल हेड विनोद थानवी एवं प्राचार्या श्रीमती राजेश्वरी थानवी ने ध्वजारोहण किया। इस दरम्यान इंटर हाउस क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका दिव्यानी व्यास एवं नीलम प्रजापत ने किया।

## एस बी एन विद्यालय घंटियाली में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

मरुधर विशेष फलौदी। घंटियाली के शांति बाल निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय में 26 जनवरी के अवसर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विशेषकर ग्रामीण इलाकों से सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति देकर महिला



सशक्तिकरण एवं समाज में प्रतिनिधित्व की पहल कायम की इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है ।उक्त कार्यक्रम में समाज में जागरूकता लाने के लिए नशा मुक्त, साईबर क्राइम ध ो ख ा ध ा ड ़ ी , चिट फं ड , म ा हि ल ा सशक्तिकरण जैसे अनेक विषयों से जुड़े पहलुओं के सम्बन्ध में नाटकों के माध्यम से जागरुकता का संदेश दिया है। विद्यालय मे अनेक रंगारंग कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने एक से बढकर एक कार्यक्रम की शोभा बढाई और मुख्य अतिथि किशनाराम चौधरी माना होटल प्रबंधक रणकपूर, सीबीईओ घंटियाली भागीरथ राम मेघवाल,राउमावि घंटियाली पीईईओ हंसराज गर्वा ,ऋ२ अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच घंटियाली जसवंत सिंह, सरपंच भूराराम भील श्री करणी महाविद्यालय घंटियाली के प्राचार्य राणुलाल घाट ,भामाशाह मनीष जैन आऊ, ब्लॉक घंटियाली पीईईओ क्षेत्र के समस्त स्टाफ गण ,शांति बाल निकेतन विद्यालय घंटियाली के प्रधानाचार्य परमान सियोल, व्यवस्थापक लक्ष्मण जाखड़, शिवलाल पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जैसलां ,अशोक जाणी, भागीरथ, सीताराम, दिलीप चारण,घेवर जाखड़, श्रवण सिंह,मूलाराम कुकणा,भरत व समस्त स्टाफ शांति बाल निकेतन विद्यालय घंटियाली । इसी के साथ अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आगामी कार्यक्रमों के लिए युवा मोर्चा की पूर्व तैयारी बैठक हुई आयोजित, जिलाध्यक्ष ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, तय की प्रभारियों की जिम्मेदारी

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

बांसवाड़ाः सज्जनगढ कस्बे के केसर वाटिका में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा रक्त दान शिविर,



नेत्र जांच शिविर एवं नव मतदाता सम्मेलन को लेकर पुर्व तैयारी हेतु नगर अध्यक्ष सचिन डिण्डोर की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई । इस बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रताप कलाल, विशिष्ट अतिथि दीपसिंह वसुनिया युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, अति विशिष्ट अतिथि जिला प्रवक्ता मनीष कलाल, जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द कलाल, डूंगरा मण्डल महामंत्री संजय पंचाल रहे। आगामी 30 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर रुप रेखा बनाई गई जिसमें कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम को लेकर अलग अलग जिम्मेदारिया दी गई। बैठक में जनजाति मोर्चा जिला मंत्री शांतिलाल कटारा, युवा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष कमलेश गरासिया, लोकेश पटेल लसोडिया, चिमन डोडियार नीलेश कलाल, कैलाश यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन संजय पंचाल ने किया व आभार सचिन डिंडोर ने माना।

## राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय पलावा मे सरस्वती माँ की मूर्ति का अनावरण

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय पलावा में सरस्वती मां की मूर्ति का अनावरण समारोह गुरुवार को हुआ । बसंत पंचमी के पावन अवसर पर



जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर तथा श्रीमती अंजलि यादव पीसीसी सदस्य के कर कमलों से मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया गया । विद्यालय प्रांगण में श्रीमती कौशल्या देवी एवं उनके सुपुत्र डॉ मुकेश कुमार यादव एवं नरेश कुमार यादव ने अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय बनवारी लाल यादव पीटीआई की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मां सरस्वती का मंदिर एवं मूर्ति की स्थापना करवाई । मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, डॉ अंजली यादव पीसीसी सदस्य, शिक्षाविद , जगदीश यादव , पंचायत समिति सदस्य रामभरोस यादव ,विक्रम मास्टर , मातादीन यादव , ग्राम विकास कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र यादव, निहाल सिंह थानेदार, महावीर मास्टर ,विशंभर दयाल , पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रवि कुमार मीणा व विद्यालय के संस्था प्रधान सोमदत एवं समस्त विद्यालय स्टाप राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय सरस्वती मां की मूर्ति का अनावरण समारोह मे मौजूद रहा । मंच संचालन राकेश शर्मा शास्त्री ने किया ।

## महात्मा गांधी राजकीय स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर । मुंडावर क्षेत्र के ग्राम ततारपुर स्थित नारंगी श्रीराम गुप्ता महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शुक्रवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव भामाशाह



सम्मान समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर रहे। मुख्य अतिथि ने स्कूल में बास्केटबॉल कोर्ट बनवाने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि रमेश गुप्ता एमडी नारंगी श्रीराम गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट रहे। संरक्षक के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पूनम गोयल मौजूद रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य सरोज यादव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सामाजिक चेतना लाने वाले विषयों पर प्रस्तुति दी। नारंगी श्री राम गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से स्कूल के सभी बच्चों को स्कूली बैग वितरित किए गए। इस मौके पर सरपंच संतोष बिल्लू यादव, पूर्व सरपंच सुभराम चौधरी, एमपीएस दिव्या बंटी गुप्ता, पूर्व एनपीएस पृथ्वी सिंह चौहान, भूरिया राम, रतीराम सहित अभिभावक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## 108 छात्र-छात्राओं को किए गरम कोट भेंट

**मरुधर विशेष /जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। शहीद सुरेंद्र राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जाट



बहरोड में भामाशाह हरिपाल चौधरी द्वारा विद्यालय के 108 छात्र छात्राओं को गर्म कोट भेंट किए गए । शाला प्रधानाचार्य नीरू यादव ने भामाशाह का स्कूल की ओर से सम्मान किया गया । कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत जाट बहरोड़ सरपंच सुरेन्द्र चौधरी ,आजाद महंत जी, सत्यवीर ,लक्ष्मीनारायण गुप्ता एवम विद्यालय स्टॉफ , रतन सिंह, हितेश महलावत, सरला यादव रतन सिंह, अलका शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे । मंच का संचालन रतन सिंह सोडावास ने किया ।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256